RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-233 जयपुर, रविवार, 22 फरवरी 2026 मूल्य-4 रुपये

भारत-ब्राजील के बीच कई समझौते, दुर्लभ खनिज-रक्षा क्षेत्र में सहयोग

## मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में बड़ा कदम: मोदी

### ब्राजीली राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमलों की निंदा की

### पीएम मोदी बोले- 5 साल में 20 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य

नई दिल्ली



ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा और पीएम मोदी ने आज नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई व्यापार समझौते पर मुहर लगी है। लूला दा सिल्वा प्रधानमंत्री मोदी के न्योते पर भारत आए हैं। वे 18-22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं।

इस दौरान लूला डी सिल्वा ने 22 अप्रैल, 2025 को हुए पहलगाम हमलों की निंदा की। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है।'

दूसरी ओर भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील ने अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है।

### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति लूला का जताया आभार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'राष्ट्रपति लूला और उनके डेलीगेशन का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। आपने पिछले वर्ष मेरा ब्राजील में जिस तरह स्वागत किया था, मैं उसी तरह आप सभी का अभिनंदन करता हूं... राष्ट्रपति लूला की दूर दृष्टि और प्रेरक नेतृत्व का भारत और ब्राजील के रिश्तों को लंबे समय से लाभ मिलता रहा है। बीते कुछ वर्षों में मुझे आपसे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला है... इनके इस दौर ने ऐतिहासिक एआई समिट की शोभा बढ़ाई और हमारी रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा भी दी है। मैं दोनों देशों के संबंधों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं।'

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा, 'ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। हम अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 बिलियन से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा ट्रेड सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है; यह भरोसे की झलक है। राष्ट्रपति के साथ आया बड़ा व्यापार प्रतिनिधिमंडल इसी भरोसे को दिखाता है। इंडिया-मर्कोसुर व्यापार अनुबंध का विस्तार हमारे आर्थिक सहयोग को और मजबूत करेगा। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में हमारा सहयोग दोनों देशों के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ के लिए भी जरूरी है।' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'मुझे खुशी है कि हम ब्राजील में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने पर काम कर रहे हैं। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सुपरकंप्यूटर, सेमीकंडक्टर और ब्लॉकचेन जैसे एरिया में भी अपने सहयोग को प्रायोरिटी दे रहे हैं। दोनों देशों का मानना है कि टेक्नोलॉजी सबको साथ लेकर चलने वाली होनी चाहिए और शेयर्ड प्रोग्रेस के लिए एक ब्रिज बननी चाहिए।'

### एनर्जी कोऑपरेशन हमारे रिश्ते का एक मजबूत स्तंभ

हैदराबाद हाउस में साझा प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा, 'एनर्जी कोऑपरेशन हमारे रिश्ते का एक मजबूत स्तंभ रहा है। हाइड्रोकार्बन के साथ हम रिन्यूएबल एनर्जी, इथेनॉल ब्लेंडिंग और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल जैसे कई एरिया में भी कोऑपरेशन बढ़ा रहे हैं। ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में ब्राजील का एक्टिव पार्टिसिपेशन ग्रीन फ्यूचर के लिए हमारे साझा प्रतिबद्धता को दिखाता है। ब्राजील ने डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कोएलिशन की को-चेयर करने का भी प्रस्ताव दिया है। मैं इस पहल के लिए राष्ट्रपति लूला को बधाई देता हूं। इस क्षेत्र में ब्राजील का बड़ा अनुभव सीडीआरआई को और मजबूत करने में काफी मदद करेगा।'

### छठी बार भारत आना मेरे लिए खुशी की बात- लूला

*इस साझा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने कहा, 'मेरे प्यारे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी, छठी बार इस देश में वापस आना मेरे लिए खुशी की बात है। भारत और ब्राजील के बीच मीटिंग बहुत बढ़िया मीटिंग है। हम सिर्फ ग्लोबल साउथ की दो सबसे बड़ी डेमोक्रेसी नहीं हैं। यह एक डिजिटल सुपरपावर और एक रिन्यूएबल एनर्जी सुपरपावर की मीटिंग है। हम दोनों ही बहुत अलग-अलग तरह के देश हैं और कल्चरल इंडस्ट्री के हब हैं और हम दोनों ही मल्टीलेटरलिज्म और शांति की रक्षा करते हैं।'*

## ट्रम्प ने 24 घंटे में ही बदला फैसला, ग्लोबल टैरिफ 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज ट्रम्प ने 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था

### भारतीय निर्यातकों को मिलेगा लाभ

वॉशिंगटन डीसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही थी।

दरअसल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प को IEEPA कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।

इससे नाराज होकर ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर नए कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 10 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इस कानून के तहत अधिकतम 15 प्रतिशत टैरिफ ही लगाया जा सकता है।

ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर नया टैरिफ लगाया है। यह 15 प्रतिशत टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा।

इससे पहले उन्होंने कल टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा- मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि, इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं।

### अमेरिका सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिए लागू कर सकता हूं।

सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी।

जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा। हम अगले 5 साल तक कोर्ट में ही रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विदेशी ताकतों का असर पड़ा है।

## अविमुक्तेश्वरानंद पर बच्चों के यौन शोषण का केस दर्ज

**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण की एफआईआर दर्ज होगी। प्रयागराज के पॉक्सो कोर्ट ने शनिवार को यह आदेश दिया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने कोर्ट में 2 बच्चों को पेश करके यह आरोप लगाए थे। कोर्ट में कैमरे के सामने बच्चों के बयान दर्ज हुए थे। कोर्ट ने प्रयागराज पुलिस कमिश्नर की जांच रिपोर्ट के बाद अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2-3 अज्ञात पर केस दर्ज करने के आदेश जारी किए। अदालत ने 13 फरवरी को आदेश रिजर्व रखा था।

## दिल्ली में धार्मिक-ऐतिहासिक स्थल लश्कर के निशाने पर

### खुफिया एजेंसियों का अलर्ट, लाल किला-चांदनी चौक क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाई

नई दिल्ली



पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा भारत की कुछ प्रमुख धार्मिक जगहों पर हमला कर सकता है। खुफिया जानकारी मिलने के बाद शनिवार को दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों के अनुसार सूचना मिली है कि आतंकी संगठन IED (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) के जरिए लाल किला और चांदनी चौक के आसपास के इलाके में हमला करा सकता है। खास तौर पर चांदनी चौक इलाके के एक मंदिर पर खतरे की आशंका है। हालांकि इन सूचनाओं की अभी जांच की जा रही है, लेकिन एहतियात बरती जा रही है।

केंद्रीय एजेंसियां और दिल्ली पुलिस मिलकर काम कर रही हैं। सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है, वाहनों की जांच की जा रही है और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉड और क्विक रिएक्शन टीम भी तैयार रखे गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है।

एआई समिट में के विरोध प्रदर्शन पर भाजपा का हल्ला बोल

## कांग्रेस को देशद्रोही बताकर माफी मांगने के पोस्टर लगाए

### चारों आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड

नई दिल्ली




इंडियन यूथ कांग्रेस के एआई समिट में हंगामा करने के विरोध में भाजपा ने मोर्चा खोल दिया। भाजपा आज सड़क पर उतर आई। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं। इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में शुक्रवार यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट लाया गया। दिल्ली पुलिस ने सभी आरोपियों की पांच दिन की कस्टडी मांगी। जबकि बचाव पक्ष ने इसका कड़ा विरोध करते हुए जमानत याचिका दाखिल की। कोर्ट ने इस मामले में पुलिस को आरोपियों की पांच दिन की कस्टडी दे दी है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान कृष्ण हरि, कुंदन यादव, अजय कुमार और नरसिम्हा यादव के तौर पर हुई है।

कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'इस घटना से स्पष्ट है कि राहुल गांधी इस स्तर तक गिर गए हैं कि वे प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे हैं। यह एआई समिट किसी पार्टी का कार्यक्रम नहीं राष्ट्र का कार्यक्रम था, इसमें पूरे विश्व के प्रतिनिधि आए थे। इसमें आप क्या दिखाना चाह रहे थे? यह राष्ट्र की साख को भट्ठा लगाना था, हम इसका विरोध करते हैं।'

वहीं, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'कांग्रेस ने ऐसा देश विरोधी कृत्य किया है, जिसकी भारत की जनता के मन में कोई माफी नहीं होगी। यह किराए के गुंडों से एआई इंपैक्ट समिट जो आज भारत का गौरव बना हुआ है, उसे बदनाम करने की कोशिश एक गद्दारी, देशद्रोह है और देश की जनता इसका जवाब देगी।'

## अजित पवार के भतीजे का आरोप, प्लेन क्रैश बड़ी साजिश

नई दिल्ली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए। उन्होंने कहा कि ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे।

## छह राज्यों की अंतिम मतदाता सूची जारी, एक करोड़ नाम कटे

नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने शनिवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित छह और राज्यों की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही इन राज्यों में मतदाताओं की संख्या एसआईआर शुरू होने से पहले के मुकाबले एक करोड़ से अधिक कम हो गई है। इस दौरान केरल में मतदाताओं की संख्या सबसे कम करीब तीन प्रतिशत घटी है, जबकि अंडमान-निकोबार में सबसे अधिक 16.87 प्रतिशत मतदाता कम हुए है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में 11.77 प्रतिशत, गोवा में 10.75 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 5.97 प्रतिशत व राजस्थान में 5.74 प्रतिशत मतदाताओं की संख्या की कम हुई है।

चुनाव आयोग के मुताबिक अंतिम सूची में ड्राफ्ट सूची के बाद भी बड़ी संख्या में नाम जोड़े-हटाए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से जारी ब्योरे के मुताबिक शनिवार को जिन छह राज्यों व केंद्र शासित की अंतिम सूची जारी की गई है, उनमें मध्य प्रदेश से सबसे अधिक करीब 34 लाख मतदाता कम हुए हैं।

वहीं राजस्थान से 31 लाख, छत्तीसगढ़ से 24.99 लाख, केरल से 8.97 लाख, गोवा से 1.27 लाख व अंडमान- निकोबार से 52 हजार मतदाता कम हुए है। इन राज्यों से एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित मिले मतदाताओं को हटाया गया है। वहीं मसौदा सूची पर आपत्तियों के बाद गलत तरीके से मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है तो नए मतदाताओं को भी जगह दी गई है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने बिहार के बाद जिन 12 राज्यों में एसआईआर का काम शुरू किया था, उनमें से अब तक नौ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की अंतिम मतदाता सूची जारी हो गई है।

## राजस्थान के 5 लोगों की गुजरात में मौत

### डिवाइडर से टकराकर पलटी वैन, भांजे की शादी में शामिल होकर पाली से जा रहे थे

पाली



पाली में शादी अटेंड कर गुजरात जा रहे परिवार की वैन डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में वैन सवार 5 लोग पिता, बेटी-बेटा, पोता और दादी की मौत हो गई। साथ ही 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

टक्कर इतनी भीषण थी कि शव हाईवे पर बिखर गए। वैन से उछलकर गिरे लोग कराहते रहे। इसके बाद राहगीर ने पुलिस को फोन किया और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

परिवार पाली से अहमदाबाद जा रहा था, इस दौरान वैन गुजरात के ऊंझा-मेहसाणा हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा गुजरात के उनाव गांव के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, पाली जिले के भावनगर (गुड़ा एंदला) हाल अहमदबाद में रहने वाले रामलाल कुमावत मणिहारी गांव में अपने भांजे विकास पुत्र भंवरलाल कुमावत की शादी में परिवार सहित आए थे। शुक्रवार को बिंदौली का प्रोग्राम अटेंड करने के बाद रात करीब 2 बजे वैन लेकर अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए थे।

'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय पर वैश्विक सहमति

## भारत के विजन पर 88 देशों-संगठनों की मुहर: अश्विनी वैष्णव

### 7 स्तंभों में ग्लोबल प्लेटफ़ॉर्म, सिद्धांत व मिलकर काम करने के तरीकों की घोषणा की गई

नई दिल्ली



दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के घोषणा पत्र पर दुनिया के 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने सहयोगात्मक, विश्वसनीय, लचीले एवं कुशल एआई के लिए एक साझा वैश्विक दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए। इसमें एआई के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सभी इसमें वैश्विक मंच, सिद्धांत और सहयोगात्मक तंत्र की 7 घोषणाएं हैं। साथ ही सम्मेलन के माध्यम से भारत ने समानता, पहुंच और वैश्विक सहयोग में निहित 'सभी के लिए एआई' के आह्वान का नेतृत्व किया है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि नई दिल्ली घोषणा पत्र में सम्मेलन के सात आधार स्तंभों पर आधारित सात वैश्विक उपलब्धियां हैं। यह हैं- लोकतांत्रिक प्रसार पर घोषणा पत्र, वैश्विक प्रभाव साझा मंच, विश्वसनीय प्रणालियों का साझा भंडार, वैज्ञानिक सहयोग का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, सामाजिक सशक्तीकरण मंच, कार्यबल विकास मार्गदर्शिका, लचीली एवं कुशल एआई के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत।

संयुक्त घोषणा पत्र पर अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, जापान, दक्षिण कोरिया, इजरायल, ईरान, ब्राज़ील, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, यूएई, स्पेन सहित पड़ोसी देश म्यांमार, श्रीलंका ने हस्ताक्षर किये हैं। 86 देशों के साथ दो संगठन यूरोपीय संघ और अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास फंड ने हस्ताक्षर किए हैं।

घोषणा पत्र के तहत आधारभूत संसाधनों तक किफायती पहुंच सुनिश्चित कर स्थानीय नवाचार तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा, ताकि विकासशील समाज अपनी जरूरतों के समाधान स्वयं विकसित कर सकें। विभिन्न देशों में सफल कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगों को साझा और विस्तारित करने की सुविधा के लिए साझा मंच बनाया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा व कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर विकास संबंधी चुनौतियों का सामूहिक समाधान खोजने का प्रयास किया जाएगा। साझा भंडार तैयार कर सुरक्षित व पारदर्शी कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणालियों के लिए उपकरण, मानक व सर्वोत्तम प्रक्रियाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। वैज्ञानिक सहयोग का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क शोध संस्थानों को जोड़कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाएगा। यह जलवायु, स्वास्थ्य और ऊर्जा जैसी जटिल समस्याओं पर संयुक्त प्रयास को प्रोत्साहन देगा।

सामाजिक सशक्तीकरण मंच से कमजोर वर्गों तक तकनीकी लाभ पहुंच और समान अवसर आधारित विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यबल विकास मार्गदर्शिका कौशल उन्नयन, पुनः प्रशिक्षण और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देगी। इससे देशों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अर्थव्यवस्था के अनुरूप मानव संसाधन तैयार करने में सहायता मिलेगी। एक सिद्धांत के तहत ऊर्जा-कुशल व टिकाऊ कृत्रिम बुद्धिमत्ता अवसंरचना पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य दीर्घकालिक स्थिरता, पर्यावरण संतुलन व आपदा-प्रतिरोधी तकनीकी ढांचे का निर्माण सुनिश्चित करना है। घोषणा में आर्थिक परिवर्तन को गति देने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की केंद्रीय भूमिका पर जोर दिया है। खुले स्रोत और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व को रेखांकित किया गया है।

## जगन्नाथपुरी और 12 ज्योतिर्लिंग की थीम पर सजा खाटूश्याम मंदिर



### 17 किलोमीटर लंबा पैदल कॉरिडोर बनाया

सीकर

सीकर जिले में स्थित बाबा खाटूश्यामजी का वार्षिक फाल्गुन मेला आज से शुरू हो गया है। बाबा के दर्शनों के लिए सुबह से भक्तों की भीड़ लगी हुई है। राजस्थान समेत दूसरे राज्यों से भी भक्त दर्शनों के लिए आए हैं। मंदिर परिसर को इस बार जगन्नाथपुरी और 12 ज्योतिर्लिंग की थीम पर विशेष सजावट की गई है। मंदिर के सिंह द्वार पर ज्योतिर्लिंग सजे हुए हैं। इसके साथ ही मंदिर में जगन्नाथपुरी की तर्ज पर लाल और सफेद कपड़े से बांधे गए हैं।

रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर तैयार किया गया है।

## निवेशकों को झांसा देकर 14 करोड़ हड़पने वाली महिला अधिकारी गिरफ्तार

लखनऊ (एजेंसी)। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों के 14 करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में पियर्स एलाइड कारपोरेशन लिमिटेड कंपनी की अतिरिक्त निदेशक मंजू दूबे उर्फ मंजू उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में निवेशकों की शिकायत पर लखनऊ के आलमबाग थाने में 2017 में मामला दर्ज किया गया था। शासन के निर्देश पर मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी गई थी। जांच में सामने आया कि दिल्ली व हरियाणा में पंजीकृत कंपनी के निदेशकों ने आरबीआइ में पंजीकरण के बिना ही कंपनी के सीएमडी दुर्गा प्रसाद दूबे ने अन्य निदेशकों के साथ मिलकर बिजनौर समेत यूपी के कई जिलों में बैंकिंग कार्यालय खोले थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के निदेशकों ने निवेशकों को आरडी व एफडी योजना में निवेश पर लालच देकर 14 करोड़ रुपये निवेश कराए थे। कुछ समय बाद कंपनी के निदेशक, निवेशकों को कूटरचित बांड देकर फरार हो गए। निवेशकों को जब यह बात पता चली कि उन्हें दिए गए बांड व अन्य दस्तावेज कूटरचित हैं तो उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया था। ईओडब्ल्यू की जांच में कुल 13 अभियुक्त दोषी पाए गए थे। इनमें से छह आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शेष सात आरोपी की गिरफ्तारी के क्रम में मंजू दुबे लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है। मंजू ने पुलिस को गुमराह करने के लिए कानपुर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र का पता दिया था, जबकि उनका स्थायी निवास ग्राम डोल छपरा, देवरिया है।

## जम्मू-कश्मीर में पंचायत और नगर निकाय चुनाव की तैयारी तेज, ओबीसी रिपोर्ट का इंतजार

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर सरकार ने बताया कि प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव जल्द कराने के लिए आवश्यक तैयारियाँ हो रही हैं। इसके साथ ही, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट, जिसके आधार पर पंचायतों और नगर निकायों में आरक्षण होना है, सक्षम प्राधिकारी के विचाराधीन है। विधायक मीर मोहम्मद फैयाज के प्रश्न पर निर्वाचन विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989 और जम्मू-कश्मीर म्यूनिसिपल अधिनियम, 2000 के तहत मतदाता सूची की तैयारी और चुनाव का संचालन प्रदेश चुनाव आयोग के द्वारा किया जाएगा। पंचायतों और बीडीसी का कार्यकाल नौ जनवरी 2024 को समाप्त हो गया, जबकि डीडीसी का कार्यकाल 24 फरवरी 2026 को समाप्त होगा। श्रीनगर नगर निगम का कार्यकाल पांच नवंबर 2023 को और जम्मू नगर निगम का कार्यकाल 14 नवंबर 2023 को समाप्त हो चुका है। अन्य नगर परिषदों और समितियों का कार्यकाल अक्टूबर से नवंबर 2023 के बीच समाप्त हो गया है। उमर सरकार ने बताया कि 77 यूएलबी के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसमें से 72 का सीमांकन पूरा हो चुका है। पंचायतों में सरपंच और पंच वार्डों का आरक्षण केवल ओबीसी आयोग की रिपोर्ट की स्वीकृति के बाद किया जाएगा।

## कांग्रेस सांसद सैलजा ने पीयूसी नहीं होने पर 10,000 के चालान को गलत बताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा के सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने राज्य में दोपहिया वाहनों के लिए प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसी) नहीं होने पर 10,000 रुपये तक के चालान को तर्कसंगत बनाने की मांग उठा दी है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर उच्च जुर्माने पर आपत्ति दर्ज करा दी है। कांग्रेस सांसद सैलजा ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत यह अधिकतम जुर्माना चार पहिया या भारी वाहनों के लिए उचित हो सकता है, लेकिन स्कूटी और बाइक जैसी छोटी दोपहिया गाड़ियों के लिए यह आम और मध्यम वर्ग के लिए आर्थिक रूप से भारी है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने जवाब में बताया कि 10,000 रुपये की अधिकतम सीमा अधिनियम में निर्धारित है, लेकिन राज्य सरकारें मोटर वाहन अधिनियम की धारा 200 के तहत अपराध को कंपाउंड कर जुर्माने की राशि तय कर सकती हैं। इस पर सैलजा ने हरियाणा सरकार से आग्रह किया कि वह जुर्माने की राशि वाहन की इंजन क्षमता (सीसी) के अनुसार निर्धारित करे। उन्होंने सुझाव दिया कि 100-150 सीसी तक की स्कूटी और मोटरसाइकिल के लिए जुर्माना 500 से 1,000 रुपये के बीच सीमित होना चाहिए। सैलजा ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जनहित होना चाहिए, न कि आम नागरिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालना। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि आम लोगों के हित में इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे नियम भी लागू हों और जनता पर अनावश्यक दंड न पड़े।

## अरुणाचल प्रदेश में पुलिस ने एक बड़ी आतंकवादी साजिश को नाकाम किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी आतंकवादी साजिश को नाकाम कर एनएससीएन-आईएम के उग्रवादी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में असम राइफल्स, स्पेशल टास्क फोर्स और लोंगडिंग पुलिस की संयुक्त टीम शामिल थी। जानकारी के आधार पर, सुरक्षा बलों ने टिसिंग क्षेत्र में अभियान चलाया और 35 वर्षीय स्वघोषित कैप्टन पोंगलेम वांगपान को हिरासत में लिया। वह नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिम के इसाक-मुइवा गुट का सदस्य और चार सदस्यीय समूह का नेतृत्व कर रहा था, जिसने कथित तौर पर किसी अज्ञात लक्ष्य का अपहरण या हत्या करने की योजना बनाई थी। तलाशी के दौरान उसके पास 5.56 मिमी इंसास राइफल के साथ एक मैगजीन, 9 मिमी पिस्तौल के साथ एक मैगजीन, 18 राउंड 5.56 मिमी कारतूस और दो राउंड 9 मिमी पिस्तौल बरामद किए। संयुक्त सुरक्षा बलों की त्वरित कार्रवाई ने नियोजित आतंकवादी घटना को सफलतापूर्वक टाल दिया। पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है और अन्य संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है, ताकि शेष आतंकवादियों का पता लगाया जा सके। इसी बीच, नामसाई जिले में पुलिस ने करीब सात लाख रुपये मूल्य की 133 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त कर एक महिला को गिरफ्तार किया। यह मामला एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और नशामुक्त समाज सुनिश्चित करने के प्रयासों का हिस्सा है। अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने सीमा सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी तत्परता और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। इस अभियान से यह स्पष्ट हुआ कि राज्य में सुरक्षा बल लगातार आतंकी गतिविधियों और मादक पदार्थों की तस्करी दोनों के खिलाफ सक्रिय हैं। लोंगडिंग और नामसाई में की गई कार्रवाइयों ने संभावित आतंकवादी हमले और नशे की आपूर्ति को रोककर क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है।

# अमेरिका-पाकिस्तान के बीच बढ़ती दोस्ती पर जयराम का तंज... मोदी सरकार की कूटनीति फेल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परोक्ष रूप से हमला कर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि स्वघोषित विश्वगुरु दुनिया को संक्षिप्त शब्दों के माध्यम से ज्ञान देने में व्यस्त हैं। कांग्रेस नेता जयराम ने अपनी पोस्ट में गुरुवार को बोर्ड ऑफ पीस कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मुलाकात पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंध पहले की तरह ही मजबूत हैं।

कांग्रेस नेता रमेश ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले की साजिश रचने के लिए वैश्विक मंच पर कोई कीमत नहीं चुकानी पड़ी है, और इस घटनाक्रम को मोदी सरकार की कूटनीति पर एक निराशाजनक टिप्पणी बताया। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन में हाल के घटनाक्रमों से साफ है। भारत सरकार के कई प्रयासों के बाद भी पाकिस्तान की अमेरिका में इज्जत बनी हुई है। राज्यसभा में कांग्रेस सांसद रमेश ने कहा कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच का रोमांस बेरोकटोक जारी है। गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में फिर इसका प्रदर्शन देखने को मिला। इस बीच, स्वघोषित विश्वगुरु अपने संक्षिप्त नामों के माध्यम से दुनिया को ज्ञान देने और सीईओ को अपना हाथ थामकर उनके प्रति एकजुटता दिखाने के लिए मजबूर करने में व्यस्त हैं। यह मोदी शासन है, जो भारत को नुकसान पहुंचाने वाला अधिकतम दिखावा है।

भारत एआई इम्पैक्ट समिट, ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन, एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार करता है, जो सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय (सभी के लिए कल्याण, सभी के लिए सुख) के राष्ट्रीय दृष्टिकोण और मानवता के लिए एआई के वैश्विक सिद्धांत के अनुरूप है। यह शिखर सम्मेलन कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शासन, सुरक्षा और सामाजिक प्रभाव पर वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से विकसित हो रही एक अंतरराष्ट्रीय प्रक्रिया का हिस्सा है।

## प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के खिलाफ जारी किया 20 सूत्री आरोपपत्र



गुवाहाटी (एजेंसी)। असम की राजधानी गुवाहाटी में गुरुवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली असम सरकार के खिलाफ 20 सूत्री आरोपपत्र जारी किया, जिसमें राज्य प्रशासन पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने और अल्पसंख्यकों को डरने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस ने अमस में विधानसभा चुनावों से पहले यह आरोपपत्र जारी किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एक दशक के शासनकाल के बावजूद भाजपा सरकार 6 आदिवासी समुदायों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलवाने और चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाकर 351 रुपये करने के अपने वादे को पूरे करने में विफल रही। असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की उम्मीदवार चयन समिति की अध्यक्ष प्रियंका गांधी वाड्रा की दो दिवसीय असम दौरे पर हैं। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर व्यापक भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और उनके करीबी मंत्रियों एवं उनके परिवार के सदस्यों पर अवैध रूप से संपत्ति जमा करने का आरोप लगाया।

## जिस वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार थे भागवत... उस पर हरदोई में हुई पत्थरबाजी



**हरदोई, (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की यात्रा के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस पर कथित पत्थरबाजी की घटना सामने आई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह घटना कौधा गांव के पास दोपहर करीब 3~20 बजे हुई, जिसमें ट्रेन के सी4 कोच की एक खिड़की का शीशा टूट गया। भागवत पूरी तरह सुरक्षित रहे और उनके साथ यात्रा कर रहे अन्य लोग भी घायल नहीं हुए। वे लखनऊ-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस से मेरठ लौट रहे थे। इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल ने जांच शुरू कर दी है। मेरठ में विशेष जांच दल पहुंचने की उम्मीद है, जो पत्थरबाजी की परिस्थितियों और आरोपियों की पहचान करेगी। भागवत को भारी सुरक्षा के बीच रात 9 बजे मेरठ रेलवे स्टेशन पर उतारा गया और वे शताब्दी नगर स्थित माधव कुंज पहुंच गए। उन्होंने 20 और 21 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम में भाग लेना है, जिसमें खिलाड़ी और बुद्धिजीवी शामिल होने वाले है। इसके पहले, 9 फरवरी को महाराष्ट्र में कोंकण रेलवे लाइन पर वंदे भारत ट्रेन का एक और हादसा हुआ था। मुंबई से गोवा जा रही ट्रेन मवेशियों से टकरा गई, जिससे ट्रेन के ओवरहेड बिजली उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए और रेल सेवाएं कई घंटों तक बाधित रहीं। दोनों घटनाओं ने वंदे भारत एक्सप्रेस की सुरक्षा और संचालन पर चिंता बढ़ा दी है। रेलवे प्रशासन ने इन घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा और निगरानी को बढ़ाने का निर्णय लिया है। हरदोई की घटना में किसी के हताहत न होने और भागवत की सुरक्षा बनाए रखने के बावजूद, पत्थरबाजी ने यात्रियों और अधिकारियों में डर और चिंता पैदा कर दी है। अब मामले की गहन छानबीन की जा रही है ताकि जिम्मेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा सके।

# बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ सिस्टम, 7 राज्यों में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट

### मौसम ने अचानक ली करवट, जाते-जाते सर्दी लौटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम ने अचानक करवट ले ली, जिसके चलते सर्दी जाते-जाते फिर लौट आई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 20 से 24 फरवरी के बीच देश के कई हिस्सों में तेज बारिश, गरज-चमक, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय समुद्री सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ों से लेकर दक्षिण भारत तक मौसम असामान्य रहने का अनुमान है।

आईएमडी के मुताबिक उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। कई इलाकों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। बारिश के कारण तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने का अनुमान है।

दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर और श्रीलंका तट के आसपास समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं। मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। तेज आंधी और बिजली गिरने से जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश और 40-50 किमी प्रति घंटे की हवाओं की संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 26 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री रह सकता है। बारिश के बाद प्रदूषण स्तर में अस्थायी सुधार हो सकता है, हालांकि ट्रैफिक और उड़ानों पर हल्का असर पड़ सकता है।

उत्तराखंड के देहरादून, नैनीताल, चमोली और पिथौरागढ़ में 22 से 24 फरवरी के बीच बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और मनाली में भी बर्फबारी की चेतावनी है। जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश और बर्फबारी से ठंड बढ़ सकती है।

पूर्वी और मध्य भारत के राज्यों बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी तेज हवाओं और हल्की बारिश का असर रहेगा। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में गरज-



चमक के साथ मध्यम बारिश की संभावना है। आईएमडी ने नागरिकों को मौसम अपडेट पर नजर रखने और प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

## रणवीर सिंह से हैरी बॉक्सर ने मांगी 10 करोड़ की रंगदारी, स्टार की सुरक्षा बढ़ाई

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को हाल ही में बिश्नोई गैंग से मिली धमकी और रंगदारी के मामले में पुलिस को जांच में आए दिन नई-नई जानकारी मिल रही है। जानकारी के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैरी बॉक्सर ने व्हाट्सएप पर वॉयस नोट भेजकर रणवीर सिंह से 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। यह धमकी रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की घटना के ठीक बाद भेजी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की शुरूआती जांच में पुष्टि हुई है कि वॉयस नोट में हैरी बॉक्सर की आवाज है। यह मैसेज अमेरिकी नंबर से भेजा गया था, जिसके लिए पुलिस अमेरिकी एजेंसियों से संपर्क कर रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जांच में पता चला कि वॉयस नोट वीपीएन का इस्तेमाल करके विदेश से भेजा गया था। धमकी के बाद रणवीर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्राइम ब्रांच रणवीर के मैनेजर का भी बयान दर्ज कर चुकी है और मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई एआईआर दर्ज नहीं की है, लेकिन जांच शुरू कर दी गई है। मामले को लेकर अन्य सबूत जुटाए जा रहे हैं। रणवीर सिंह ने मैसेज मिलते ही तुरंत मुंबई पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उनके घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए उनके आवास पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात कर दिए हैं।

# नीट छात्रा मौत मामले में सीबीआई ने की मां-नानी से तीन घंटे पूछताछ

### -जांच का फोकस हॉस्टल संचालिका के साथ हुई बातचीत के पहलुओं पर रहा

**पटना(एजेंसी)।** पटना के एक निजी हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में सीबीआई ने जांच तेज कर दी है। गुरुवार को सीबीआई तीसरी बार जहानाबाद पहुंची, जहां मखदुमपुर थाना क्षेत्र स्थित मृतका के पैतृक गांव में परिजनों से लंबी पूछताछ की। जांच एजेंसी का मुख्य फोकस छात्रा के इलाज के दौरान की परिस्थितियों और हॉस्टल संचालिका के साथ हुई बातचीत के पहलुओं पर रहा। सीबीआई के अधिकारियों ने मृतका की मां और नानी से करीब तीन घंटे तक गहन पूछताछ की।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सीबीआई टीम यह समझने की कोशिश कर रही है कि हॉस्टल में रहने के दौरान छात्रा की स्थिति कैसी थी और संचालिका की भूमिका इसमें क्या रही। जहानाबाद में पूछताछ के बाद टीम गया स्थित छात्रा के ननिहाल गई। जहां मृतका के मामा और अन्य रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाई गई। बताया जाता है कि मतक छात्रा के मामा चार भाई हैं। दो मामा बाहर नौकरी



करते हैं। उनके परिवार के लोग गया में रहते हैं। दो मामा और नाना- नानी गांव में ही रहते हैं। सीबीआई ने सभी कड़ियों को जोड़ने के लिए परिवार के सदस्यों से सामूहिक रूप से बयान दर्ज किए हैं।

सीबीआई ने गुरुवार को कदमकुआं थाना के निलंबित दारोगा हेमंत झा से करीब चार घंटे पूछताछ की। एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद सबूत इकट्ठा करने में लापरवाही के आरोप में एसआई हेमंत झा और चित्रगुप्तनगर थानेदार रोशनी कुमार को निलंबित किया गया था।

सीबीआई ने सवाल किए कि छात्रा के प्रभात हॉस्पिटल पहुंचने के बाद उसके कपड़े क्यों बरामद नहीं किए गए। परिजनों को कपड़े कैसे मिले और पुलिस को किस आधार पर दिए गए। पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट में रेप की बात आने के बावजूद पुलिस ने इसे सुसाइड कैसे मान लिया। हालांकि, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने गुरुवार रात फेसबुक लाइव आकर इस मामले में पटना एसएसपी और एसपी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एसएसपी बताएं मनीष को किस केस में गिरफ्तार किया है और हॉस्टल मालिक को अब तक क्यों गिरफ्तार नहीं किया गया है।

मृतक छात्रा के चाचा ने कहा कि परिवार आज भी अपने दावे पर कायम है। हम शुरुआत से ही पटना के शम्भू गर्ल्स हॉस्टल पर शक कर रहे है और यहीं उसके साथ गलत हुआ है। घटना की सारे रहस्य हॉस्टल के अंदर ही हैं। सीबीआई ने परिवार से पहले दिन बात की थी, तभी उन्हें बताया गया कि हॉस्टल संचालिका, उसके बेटे और वहां की वार्डेन को सामने बैठाकर पूछताछ कीजिए। इसके बाद पूरी असलियत सामने आ जाएगी।

## अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उद्यमशील नागरिकों से परिपूर्ण राज्य हैं।



उन्होंने अपने संदेश में आगे कहा कि दोनों राज्यों ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आगे भी प्रगति व समृद्धि के पथ पर अग्रसर रहें, यही उनकी कामना है। वहीं उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि यह राज्य हिमालयी पर्वत श्रृंखलाओं, जैव विविधता, मठों, घने वनों और जीवंत जनजातीय परंपराओं से समृद्ध है। उन्होंने अरुणाचल को प्रकृति और संस्कृति के अद्भुत संतुलन का प्रतीक बताया और राज्य के सतत विकास, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

मिजोरम के लिए अपने संदेश में उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगलों और उच्च साक्षरता दर के कारण यह राज्य सामाजिक प्रगति और सामुदायिक सद्भाव का मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मिजोरम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए सतत विकास और स्थायी शांति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश को प्राकृतिक दृश्यों और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर राज्य बताते हुए कहा कि यहां के मेहनती और ऊर्जावान नागरिक देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की विविध आदिवासी संस्कृति भारत की समृद्धि को और सुदृढ़ करती है तथा आने वाले समय में अरुणाचल प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुए।

मिजोरम के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने मिजो समुदाय की सामुदायिक भावना, करुणा और सांस्कृतिक धरोहर की सराहना करते हुए राज्य के निरंतर विकास और नई उपलब्धियों की कामना की।

# ठगों के निशाने पर केंद्र सरकार के कर्मचारी और पेंशनर्स, सैलरी संबंधी भेज रहे मैसेज

**-ऑफिशियल अलर्ट जारी, एपीके फाइल को नहीं करें डाउनलोड यह मालवेयर है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग से जुड़ी एक नई व्हाट्सऐप ठगी का खुलासा हुआ है। ठग ऐसे मैसेज भेज रहे हैं जिनमें रिवाइज्ड सैलरी का प्रीव्यू दिखाने का दावा किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इन मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करने से लोगों को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है। साइबर अपराधी लोगों की इस उत्सुकता का फायदा उठाकर उन्हें मालवेयर डाउनलोड करने के लिए फंसा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट में ऑफिशियल अलर्ट में कहा गया है कि ठग व्हाट्सऐप पर ऐसे मैसेज भेज रहे हैं जिनमें ÷8वें वेतन आयोग सैलरी कैलकुलेटर÷ देने का दावा किया जा रहा है। मैसेज पाने वाले लोगों से एक लिंक पर क्लिक करने और एक एपीके फाइल डाउनलोड करने को कहा जाता है। एपीके फाइल एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज होती है। यह दिखने में एक साधारण कैलकुलेटर ऐप जैसी लग सकती है, लेकिन वास्तव में यह मालवेयर है। एक बार इंस्टॉल होने के बाद यह ठगों को यूजर्स के मोबाइल फोन पर रिमोट एक्सेस दे सकता है। इसमें एसएमएस संदेश पढ़ सकते हैं, जिनमें बैंक अलर्ट और वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) शामिल होते हैं। फोन में सेव प्राइवेट और फाइनैंशियल जानकारी तक पहुंच सकते हैं। वहीं जुड़े हुए बैंक खाते से बिना अनुमति के लेन-देन कर सकते हैं।

अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि पीड़ितों को तुरंत यह पता नहीं चलता कि उनका डिवाइस हैक हो चुका है। जब तक संदिग्ध लेन-देन का पता चलता है, तब तक खाते से पैसे निकाले जा चुके होते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने साफ कहा है कि कोई भी सरकारी विभाग व्हाट्सऐप या अन्य मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के जरिए एपीके फाइल नहीं भेजता। ऐसे किसी भी मैसेज को संदिग्ध माना जाना चाहिए। साइबर ठगी के तरीके अब पहले से ज्यादा लक्षित और चालाक हो गए हैं। आर्थिक लाभ या जरूरी अपडेट का वादा करने वाले मैसेज लोगों को जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार किए जाते हैं। वेतन संशोधन जैसे मामलों में भावनात्मक आकर्षण और भी ज्यादा होता है। किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले कुछ पल रुककर सोच लेना बड़े वित्तीय नुकसान से बचा सकता है। ऐसी ठगी से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है कि जानकारी केवल आधिकारिक स्रोतों से ही वेरिफाई की जाए।



विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

# जिले में मतदाता सूची 2026 का हुआ अंतिम प्रकाशन, कुल मतदाता संख्या 17 लाख 81 हजार 395 पहुँची

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी अंतिम मतदाता सूची

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में दिनांक 27.10.2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत दिनांक 04.11.2025 से दिनांक 11.12.2025 तक गणना चरण के उपरान्त दिनांक 16.12.2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें भीलवाडा जिले की 07 विधानसभा क्षेत्र (177-आसीन्द, 178-माण्डल, 179-सहाड़ा, 180-भीलवाड़ा, 181-शाहपुरा, 182-जहाजपुर एवं 183-माण्डलगढ़) में कुल मतदाताओं की संख्या 17,52,930 थी। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 16.12.2025 से 19.01.2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये गये। इस अवधि में जिले की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 33732 फॉर्म-6/6, 5267 फॉर्म-7 तथा 10984 फॉर्म 8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11 बी में तैयार की गई और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपतियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गई। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी / मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी प्रदान की गई।

पूर्व में प्राप्त समस्त फॉर्म तथा दावे-आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि दिनांक 16.12.2025 से 19.01.2026 में प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर दिनांक 21.02.2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस प्रकार जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 17,52,930 मतदाताओं में 01.62 प्रतिशत वृद्धि के उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 17,81,395 है, जिनमें 9,07,456 पुरूष व 8,73,925 महिला तथा 14 ट्रांसजेण्डर मतदाता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची -2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) एवं एक हार्ड कॉपी (फोटोसहित) निःशुल्क उपलब्ध कराई । यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी (छ्रश्चह्) / मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट https://election.rajasthan.gov.in तथा https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है तथा कोई भी मतदाता इस सूची में अपना नाम ऑनलाइन EPIC सर्च के माध्यम से देख सकता है, इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, हटाना व प्रविष्टियों में संशोधन एक अनवरत प्रक्रिया जो सतत जारी है, इसके लिए क्रमशः फॉर्म 6 मय घोषणापत्र (अनुलग्न-IV), 7 एवं 8 ECI Net App / Voters Portal (https://voters.eci.gov.in) पर जाकर ऑनलाईन अथवा संबंधित बीएलओ से सम्पर्क कर भरा जा सकता है। इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई।

मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 तथा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 23 एवं 27 के अन्तर्गत प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अन्तिम प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में तथा जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान को जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।आयोजित बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. कलक्टर) रणजीत सिंह,निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एस.डी.एम.), भीलवाड़ा, प्रतिनिधि, इंण्डियन नेशनल काँग्रेस (ग्रामीण) श्री मुश्ताक अली मंसूरी, प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी श्री गोपाल तेली, प्रतिनिधि इंण्डियन नेशनल काँग्रेस (शहरी) मो. हारून रंगरेज, प्रतिनिधि इंण्डियन नेशनल काँग्रेस (शहरी)श्री राजकुमार माली, प्रतिनिधि, इंण्डियन नेशनल काँग्रेस श्री रामेश्वर लाल जाट, जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी श्री किशनलाल कीर , जोन प्रभारी बहुजन समाज पार्टी श्री रामेश्वरलाल जाट, प्रतिनिधि बहुजन समाज पार्टी श्री डालचन्द्र कोली, प्रतिनिधि, बहुजन समाज पार्टी श्री सत्यनारायण कोली, प्रदेश संयुक्त सचिव, आम आदमी पार्टी श्री रणजीत सिंह कारोही, सचिव, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्क्ससिस्ट)श्री मोहम्मद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# पत्नी और उसके प्रेमी की प्रताड़ना से तंग पति ने फांसी लगा दी जान

## सुसाइड नोट में बयां किया दर्द

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू पटेल नगर में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक 40 वर्षीय युवक आनंद सिंह ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी की मानसिक प्रताडऩा से तंग आकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक आनंद सिंह की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जो उनकी मौत की पूरी कहानी खुद बयां कर रहा है। नोट में स्पष्ट रूप से अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी कोमल देवी और उसके प्रेमी मनोज वर्मा को ठहराया गया है। परिजनों का आरोप है कि आनंद सिंह लंबे समय से गहरे मानसिक तनाव में थे। जानकारी के अनुसार, मृतक की पत्नी कोमल देवी कुछ समय पहले अपने प्रेमी मनोज वर्मा के साथ भाग गई थी। करीब दो महीने बाद वह वापस लौटी, लेकिन प्रेमी का पीछा नहीं छूटा। प्रेमी मनोज वर्मा लगातार आनंद सिंह को फोन कर धमकियां दे रहा था कि कोमल मेरी पत्नी है, मैं उसे लेकर जाऊंगा। क्रूरता की हद तो तब हो गई जब 19 फरवरी को कोमल देवी अपने प्रेमी के साथ एक बार फिर फरार हो गई और साथ में अपने दोनों मासूम बच्चों को भी ले गई। जाते समय वह एक पत्र छोड़ गई, जिसे पढ़कर आनंद सिंह पूरी तरह टूट गए थे। प्रेमी मनोज की जान से मारने की धमकियों और पत्नी के बार-बार घर छोड़कर भागने के अपमान को आनंद सिंह सह नहीं पाए और शंजवार सुबह मौत को गले लगा लिया। सूचना मिलते ही प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों कि मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के छोटे भाई नरेंद्र सिंह पुत्र भुवनेश्वर सिंह राजपूत ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पर पुलिस को आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# 5 हजार रु का ईनामी वांछित अपराधी गिरफ्तार, धोखाधड़ी से हड़पी कार जब्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



भीलवाड़ा थाना पुलिस ने 193(9) बीएनएसएस मे वांछित ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा वांछित ईनामी अपराधियो की धरपकड़ अभियान के तहत एएसपी मुख्यालय पारस जैन के निर्देशन में व सीओ सिटी सज्जन सिंह के निकट सुपरविजन में थाना भीमगंज की पुलिस टीम ने शहर मे अलग अलग जगह दबिश दी भीमगंज थाने के 193(9)बीएनएसएस के पेण्डिग प्रकरण संख्या 305/2022 धारा 406, 420 भादस मे वांछित 5000 रूपये के ईनामी अपराधी नितेश बंसल पिता रामबाबु उम्र 50 साल निवासी 43 वैभव नगर थाना कोतवाली भीलवाड़ा को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की। अपराधी नितेश बंसल द्वारा धोखाधड़ी से प्राप्त की गई कार को जब्त किया और आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भिजवाया गया। टीम में भीमगंज थाना अधिकारी सुनिल चौधरी, ओमप्रकाश नायक सउनि, कालुलाल, उमेश सांगवा, सुनिल शामिल रहे । आरोपी के खिलाग अलग आग धाराओं में कोतवाली और प्रतापनगर थाने में भी मामले दर्ज है ।

# 62 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 21,700 का जुर्माना लगाया

## गंदगी फैलाने वाले 65 व्यक्तियों पर 40,000 का जुर्माना

## 55 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर से अतिक्रमण हटाए



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक कैरी बैग की रोकथाम एवं गंदगी फैलाने वाले, अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है । आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक /प्लास्टिक कैरी बैग से मुक्त करने हेतु निगम द्वारा विशेष अभियान 9 फरवरी से 28 फरवरी के मध्य चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत 21 फरवरी शनिवार को 62 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक कैरी बैग की जब्ती कर 21,700 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। अभियान के दौरान 1121 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक कैरी बैग की जब्ती कर कुल राशी 2.30 लाख का जुर्माना वसूल किया जा चुका है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गंदगी एवं कचरा फैलाने वाले 65 व्यक्तियों पर 40,000 रुपए का जुर्माना किया गया ,गंदगी फैलाने वालों पर अभियान के दौरान कुल 3.71 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया जा चुका है निगम द्वारा अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करते माणिक्य नगर चौराहा से भीमगंज थाने तक एवं शाम की सब्जी मंडी में अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए एवं 55 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर हो रहे अतिक्रमण तोड़े गए। अतिक्रमण हटाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़क एवं नाली का पुनर्निर्माण भी नगर निगम द्वारा तीव्र गति से जारी है एवं किसी स्थान पर अगर सड़क एवं नाली के मध्य कच्ची जगह स्थित है तो उस जगह पर भी निगम द्वारा पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा, निगम आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा उक्त अभियान नियमित रूप से चलाया जाकर गंदगी फैलाने वालों एवं सिंगल यूज प्लास्टिक /प्लास्टिक कैरी बैग एवं अस्थाई अतिक्रमण पर नियमित रूप से कार्यवाही की जाएगी।

# फॉर्च्यूनर कार नाकाबंदी से बचकर भागी, कार और बाइक को मारी टक्कर, चालक कार छोड़कर भागा

## पुलिस को कार में मिला 57 किलो 120 ग्राम डोडा चूरा

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा





मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना बनेड़ा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 57 किलो 120 ग्राम अवैध डोडा चूरा एवं एक फॉर्च्यूनर कार जब्त की है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य एवं वृताधिकारी शाहपुरा ओमप्रकाश विश्नोई के सुपरवीजन में पुलिस टीम का गठन किया गया। दिनांक 19/20 फरवरी की मध्यरात्रि को थानाधिकारी बनेड़ा उ.नि. बछराज चौधरी मय जाप्ता गश्त व चेकिंग पर थे। इसी दौरान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स चौकी भीलवाड़ा से सूचना मिली कि डाबला के पास आगूचा रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार को रुकवाने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को डिवाइडर पर चढ़ाकर मौके से फरार हो गया। कुछ ही समय बाद ग्राम घरटा से सूचना मिली कि उक्त फॉर्च्यूनर कार ने गांव में एक कार व मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी है तथा चालक वाहन को इधर-उधर भगा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम गांव घरटा के खेतों की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहुंची, जहां क्षतिग्रस्त अवस्था में फॉर्च्यूनर कार खड़ी मिली। वाहन का टायर फटा हुआ था तथा चालक मौके से फरार हो चुका था। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध डोडा चूरा के 4 कट्टे मिले, जिनका कुल वजन 57 किलो 120 ग्राम पाया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ व वाहन को नियमानुसार जब्त कर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण संख्या 32/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्रकरण में फरार आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

# शम्भूगढ़ पुलिस ने वृद्ध से लूट का पर्दाफाश, शातिर आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा



जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने वृद्ध व्यक्ति के साथ हुई लूट का पर्दाफाश करते हुए आरोपी सुरेश उर्फ प्रकाश गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 70 वर्षीय चतुर्भुज गुर्जर को मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर चाकू दिखाकर कानों से सोने की मुरकियां लूट ली थीं। घटना में वृद्ध के कान घायल हो गए और काफी खून बहा।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, बीटीएस विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे राजसमंद जिले से दस्तयाब किया। पूछताछ में आरोपी ने न केवल इस वारदात को स्वीकार किया बल्कि अन्य मामलों में भी शामिल होने की बात कबूल की।

पुलिस के अनुसार सुरेश उर्फ प्रकाश गुर्जर बेहद शातिर अपराधी है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में अकेले वृद्ध व्यक्तियों को निशाना बनाता था। वह पेंट-शर्ट पहनकर लैपटॉप साथ रखता ताकि लोग उसे सामान्य समझें। मौका देखकर धोखे से बातों में उलझाकर गहने छीन लेता और तुरंत इलाके से फरार हो जाता।

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी संगीन अपराधों के 10 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें लूट, आर्म्स एक्ट, पोक्सो और अन्य गंभीर धाराएँ शामिल हैं। इस कार्रवाई में थाना शम्भूगढ़ के थानाधिकारी ओमप्रकाश कासनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विशेष योगदान दिया।

# एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक कांडः 2 सब इंस्पेक्टर बर्खास्त

## डमी अभ्यर्थी बैठाकर पास की थी परीक्षा, एसओजी जांच में खुलासा; राजेंद्र प्रसाद गोयल का सख्त एक्शन

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा / कोटा।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक प्रकरण में बड़ा प्रशासनिक एक्शन सामने आया है। कोटा रेंज के आईजी राजेंद्र प्रसाद गोयल ने नियुक्त दो सब इंस्पेक्टरों को राज्य सेवा से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है।

जांच में सामने आया कि दोनों ने डमी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठाकर चयन हासिल किया था। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की गहन जांच में फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ, जिसके बाद दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। बर्खास्त किए गए आरोपियों की पहचान शेर सिंह और मनोहर सिंह जाट के रूप में हुई है। दोनों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है। यह कार्रवाई राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 19(2) के तहत की गई है, जिसके तहत गंभीर आपराधिक प्रकरण में तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्ति का प्रावधान है। पेपर लीक कांड में लगातार हो रही कार्रवाई से स्पष्ट है कि सरकार और पुलिस मुख्यालय दोषियों पर शिकंजा कसने के मूड में हैं। भर्ती प्रक्रिया की साख पर लगे दाग को मिटाने के लिए अब विभाग सख्ती के साथ कदम उठा रहा है।

# फूलिया कला में शिक्षक समस्याओं पर हुई चर्चा, प्रदेश महामंत्री का हुआ स्वागत



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा निजी कार्यक्रम के तहत फूलिया कला पहुंचे। इस अवसर पर संघ की उप शाखा फूलिया कला के कार्यकर्ताओं द्वारा शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी हनुमान प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश महामंत्री से श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फूलिया कलाँ में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में तृतीय श्रेणी अध्यापकों सहित अन्य संवर्गों के स्थानांतरण, पीडी मदों के भुगतान को समय पर सुनिश्चित करने, राज्य पुरस्कृत शिक्षकों को वेतन वृद्धि देने, संविदा शिक्षकों के नियमितीकरण तथा तृतीय श्रेणी अध्यापकों सहित सभी संवर्गों की डीपीसी समयबद्ध कराने जैसे मुद्दों से अवगत कराया गया।

प्रदेश महामंत्री ने समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

इस दौरान उप शाखा अध्यक्ष रामगोपाल मीणा, मंत्री सत्यदेव पुरोहित, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य चंद्र प्रकाश स्वर्णकार, महावीर प्रसाद शर्मा, बसंत नौलखा, महावीर प्रसाद जाट, महेंद्र सिंह, जिनेंद्र कुमार जैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री का उपरणा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# अजमेर में बड़ी कार्रवाईः सॉस फैक्टरी से 7600 किलो अनसेफ सॉस जब्त, मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग का एक्शन

स्मार्ट हलचल



**अजमेर।** अजमेर जिले में शुद्ध आहार मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सॉस फैक्टरी से 7600 किलोग्राम सॉस जब्त किया है। यह कार्रवाई आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त संदेश मानी जा रही है। अजमेर जिले में यह अभियान डॉ. टी. शुभमंगला, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, जयपुर के आदेशों तथा डॉ. ज्योत्सना रंगा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के निर्देशों की अनुपालना में चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी केसरी नंदन शर्मा और राजेश कुमार त्रिपाठी ने पालरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स डी.के.एस. फूड्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्नेक सॉस (एपिक ब्रांड) के संबंध में कार्रवाई की गई, जिसे पूर्व में जयपुर मुख्यालय द्वारा अनसेफ घोषित किया जा चुका है। मौके पर उक्त ब्रांड के दो नमूने लिए गए, जबकि शेष 7600 किलोग्राम सॉस को जांच रिपोर्ट आने तक बिक्री से रोक दिया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि इससे पहले जयपुर में इसी ब्रांड की सॉस का एक नमूना जांच में अनसेफ पाया गया था, जिसके बाद संबंधित बैच को बाजार से रिकॉल करने के निर्देश जारी किए गए थे।

फैक्टरी निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां भी सामने आईं। मौके पर फूड हैंडलर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्माता को निर्देशित किया गया है कि संबंधित बैच की समस्त सामग्री को थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं से तत्काल प्रभाव से वापस मंगवाया जाए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो टूक कहा है कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मिलावटी और अनसेफ खाद्य सामग्री न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि लोगों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ है। विभाग द्वारा जिलेभर में निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। यह कार्रवाई उन व्यापारियों के लिए स्पष्ट चेतावनी है, जो मुनाफे के लिए जनता की सेहत को दांव पर लगा रहे हैं। प्रशासन का साफ संदेश है कि सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# श्री खाटू श्याम बाबा के फाग महोत्सव के उपलक्ष पर छप्पन भोग व फाग उत्सव मनाया

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे में शनिवार रात्रि को श्री खाटू श्याम बाबा के फाग महोत्सव के उपलक्ष पर श्याम परिवार द्वारा श्याम सरकार निवास स्थान पर खाटू श्याम जी का फाग उत्सव मनाया गया। बाबा श्याम का दरबार सजाया गया और बाबा श्याम के दरबार का आकर्षक श्रृंगार किया गया। भजन संध्या और छप्पन भोग का आयोजन हुआ। खाटू श्याम के संग फूलों से होली खेली और भजन कीर्तन किए। भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य का आंनद उठाया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। उत्सव को लेकर पांडाल में पुष्प सज्जा कर आकर्षक सजाया गया। लोकेंद्र सिंह ने बताया कि बाबा खाटू श्यामजी का विशेष झांकी सजा गया। भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायक अभि अनुज पारीक राहुल जादम भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बाबा श्याम का दरबार सजाया गया एवं विशेष



श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर बाबा के भक्तों ने भजन पर आनंद लिया। इसके पश्चात सायं 10.15 बजे छप्पन भोग की झांकी सजा और महाआरती कर छप्पन भोग, प्रसाद वितरण किया गया। श्याम सरकार निवास स्थान पर होली फाल्गुन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# हाईकोर्ट की चेतावनी के बाद प्रशासन एक्शन में: अतिक्रमण पर निर्णायक प्रहार?


**भीलवाड़ा नगर निगम का दसवें दिन भी अभियान जारी; क्या अब सब्जी मंडियों, पार्किंग और प्रभावशाली कब्जाधारियों पर भी चलेगा बुलडोज़र?**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट की चेतावनी के बाद शुरू हुआ अभियान दसवें दिन भी जारी रहा। वर्षों से सड़कों पर पसरे अतिक्रमण पर अब निर्णायक प्रहार होता दिखाई दे रहा है। लेकिन क्या यह सख्ती हर जगह समान रूप से दिखाई दे रही है?

मुख्य बाजारों में दुकानों के बाहर नालियों पर बनाए गए रैंप, सीढ़ियां और अस्थायी ढांचे हटाए गए। कई व्यापारियों ने स्वयं आगे बढ़कर कब्जे हटाए। हालांकि इससे अस्थायी रूप से कारोबार प्रभावित हुआ है, फिर भी शहरहित में इसे जरूरी कदम माना जा रहा है। सवाल यह है कि क्या यही भावना पूरे शहर में कायम रहेगी?

बीते दशकों में एक-एक फीट



बढ़ते अतिक्रमण ने कई स्थानों पर आधी सड़क तक जगह घेर ली थी। अब सड़कें खुली और चौड़ी नजर आने लगी हैं। लेकिन क्या यह व्यवस्था स्थायी रह पाएगी?

बेतरतीब सब्जी मंडियों और अवैध चारा बिक्री केंद्रों पर अभी तक अपेक्षित सख्ती नहीं दिखी है। माणिक्य नगर चौराहे पर केबिनों और फल विक्रेताओं के अतिक्रमण को लेकर भी पक्षपात के आरोप लग रहे हैं। क्या इन स्थानों पर भी निष्पक्ष कार्रवाई होगी?

शहर की कॉलोनियों में खाली भूखंडों और आम रास्तों पर प्रभावशाली लोगों द्वारा किए गए कब्जों को हटाने की मांग तेज हो रही है। निजी अस्पतालों, कॉम्प्लेक्स और मैरिज हॉल संचालकों द्वारा पार्किंग स्थलों पर किए गए अतिक्रमण पर क्या प्रशासन समान कठोरता दिखाएगा?

यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे टेंपो चालकों पर नियंत्रण की मांग भी उठ रही है। क्या प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा?

फिलहाल, अभियान को शहरवासियों का समर्थन मिल रहा है। लेकिन अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या यह कार्रवाई बिना भेदभाव और पूरी पारदर्शिता के साथ आगे भी जारी रहेगी?

# अंसल कॉलोनी में निवासियों का अनिश्चित कालीन धरना



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर की सबसे बड़ी कॉलोनी अंसल सुशांत सिटी के निवासियों ने मुख्य प्रवेश द्वार प्रथम एवं मुख्य सड़क पर कब्जे के बहुचर्चित मामले में अनिश्चितकालीन धरना गेट नंबर 1 पर शुरू किया गया है उक्त विषय में 20 वर्ष से निर्मित एवं सार्वजनिक उपयोग में ली जा रहीं पक्की सड़क और पक्का निर्माण झरना गेट आदि पर शहर के बड़े व्यावसायिक कंचन समूह द्वारा अपना वैधानिक हक बता कर बार बार द्धष्ड्ड लाकर तोड़ने और कब्जे करने के प्रयास से डरे हुए कॉलोनी वासियों ने एकत्रित होकर संघर्ष और अन्याय के विरोध का निर्णय लेते हुए हमारा गेट हमारा आत्मसम्मान शांतिपूर्ण आंदोलन विगत रविवार से लगातार कर रहे हैं द्यजिसमें अंसल एकीकृत संघर्ष समिति के बेनर के अंतर्गत अलग अलग ब्लॉक से टोलियां बनाकर पूरे दिन बैठने की योजना बना कर आंदोलन का स्वरुप गढ़ा गया है




धरना स्थल पर सुबह 7 बजे चाय पर चर्चा से शुरू कर अपने अपने निर्धारित दायित्व को समय अनुसार टोलियाँ दिनभर भजन कीर्तन काव्य गोष्ठी आदि करते है और रात्री की चर्चा के साथ कॉलोनी वासि अगले दिन की तैयारी करते हैं द्यअंसल निवासियों द्वारा इस विषय पर कलेक्टर एवं नगर विकास न्यास सचिव को ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले में निवेदन किया गया है द्य

अंसल वासी अपने अंसल के भव्य एवं स्वरुप बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।और जब तक कोई ठोस निर्णय नहीं होता तब तक धरने पर बैठे रहने के लिए विवश हैं।समस्त अंसल परिवार अंसल एकीकृत संघर्ष समिति भीलवाड़ा।

# बलाई समाज का ऐतिहासिक महाकुंभ

**प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन व छात्रावास उद्घाटन समारोह संपन्न**



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर में बलाई मेघवंशी समाज द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं समाज छात्रावास उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय बलाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल बच्छेर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

छात्रावास मैदान में आयोजित सम्मेलन में हजारों समाजबंधुओं की उपस्थिति रही। विधि-विधान के साथ 27 जोड़ों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। समारोह में सामाजिक एकता, समरसता और सहयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर समाज छात्रावास का उद्घाटन भी किया गया, जो विद्यार्थियों के लिए शिक्षा में सहायक सिद्ध होगा। आयोजन में समाज के भामाशाहों व युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। सफल आयोजन पर समिति पदाधिकारियों व समाजजनों को बधाई दी गई।

# 2 मार्च को प्रदोष वेला में 6:06 बजे होगा होलिका दहन, 3 मार्च को धुलंडी पर खंडग्रास चंद्रग्रहण

## सुबह 9 बजे से लग जाएगा सूतक, मंदिरों के पट रहेंगे बंद

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

इस वर्ष रंगों का महापर्व होली खगोलीय संयोगों के बीच मनाया जाएगा। 2 मार्च को होलिका दहन प्रदोष वेला में शाम 6:06 बजे किया जाएगा, वहीं 3 मार्च को धुलंडी के दिन शाम 5:59 बजे से 6:47 बजे तक खंडग्रास चंद्रग्रहण रहेगा। चूंकि यह चंद्रग्रहण भारत में दृश्य होगा, इसलिए इसका धार्मिक प्रभाव और सूतक मान्य रहेगा।

**भारत सहित कई देशों में दिखेगा ग्रहण**

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 3 मार्च को लगने वाला यह वर्ष का पहला खंडग्रास चंद्रग्रहण होगा। यह भारत के विभिन्न हिस्सों सहित पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर क्षेत्र, अमेरिका, रूस और पाकिस्तान में भी अलग-अलग समय पर दिखाई देगा। ग्रहण की अवधि भले ही कम हो, लेकिन धार्मिक दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**सुबह 9 बजे से बंद हो जाएंगे मंदिर**

ग्रहण की समाप्ति से 9 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। ऐसे में 3 मार्च को सुबह 9 बजे से ही सूतक लग जाएगा और शहर के मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। शाम 6:47 बजे ग्रहण मोक्ष के बाद मंदिरों की धुलाई और शुद्धिकरण कर पुनः आरती की जाएगी।

सूतक काल में पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श, भोजन पकाना और ग्रहण करना वर्जित माना गया है, हालांकि जप-तप और मंत्र जाप का विशेष महत्व बताया गया है।

**गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सावधानी**

ग्रहण अवधि शाम 5:59 से 6:47 बजे तक गर्भवती महिलाओं को घर से बाहर न निकलने और धारदार वस्तुओं जैसे चाकू, कैंची, सुई आदि का प्रयोग न करने की सलाह दी गई है। इस दौरान होली खेलने से भी परहेज करने को कहा गया है।

**भद्रा का साया, तीन साल बाद संयोग**

ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस बार होली पर भद्रा का प्रभाव भी रहेगा। 2 मार्च को पूर्णिमा तिथि शाम 5:56 बजे से 3 मार्च को शाम 5:08 बजे तक रहेगी। होलिका दहन प्रदोष काल में शाम 6:06 बजे तक अथवा देर रात 1:26 बजे के बाद किया जा सकेगा।

**इन राशियों पर रहेगा विशेष प्रभाव**

यह ग्रहण पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र एवं सिंह राशि मंडल पर मान्य है। मिथुन, तुला, वृश्चिक और मीन राशि वालों के लिए शुभ संकेत। वृषभ, सिंह, कन्या और मकर राशि वालों के लिए अशुभ प्रभाव की संभावना। मेष, कर्क, धनु और कुंभ राशि वालों के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। धुलंडी का पर्व दिनभर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, लेकिन शाम को ग्रहण को लेकर धार्मिक नियमों का पालन किया जाएगा।

# फाल्गुनी रंग की छटा, खिलने लगा केसुला....



(फोटोः राजेश जीनगर)

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

होली पर्व नजदीक आने के साथ ही जहां एक और बाजार में रंग, गुलाल, पिचकारियों की दुकानें सजने लगी है, वहीं दुसरी और प्रकृति ने भी इस पर्व का केसुले के फूल से संकेत दे दिया है। इस फूल से होली पर रंग बिरंगे प्राकृतिक रंग तैयार किए जाते थे, हांलाकि अब इसकी जगह केमिकल से तैयार रंगों ने ले ली जो त्वचा के लिए भी हानिकारक है। फाल्गुनी रंग की छ्टा बिखेरते कैसुले के फूल को बनेडा रोड से कैद किया गया है।

# दीक्षांत समारोह में काछोला की प्रतिभा रँगरेज को मिली मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री

**संगम विश्विद्यालय के 12 वे दीक्षांत समारोह का आयोजन**



स्मार्ट हलचल | काछोला

कस्बे के मोहम्मद यूनुस रँगरेज वरिष्ठ अध्यापक की पुत्रवधू नगमा बानू रँगरेज को संगम विश्वविद्यालय के 12 वे दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक,स्नातकोत्तर, डिप्लोमा विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए स्वर्ण पदक, शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया जिसमें विश्विद्यालय में नगमा बानू रँगरेज काछोला को स्नातकोत्तर एमएससी साइंस में मास्टर ऑफ डिग्री की उपाधि राजस्थान के महामहिम कुलाधिपति हरि भाऊ बागड़े, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, संगम समूह के चेयरपर्सन रामपाल सोनी, विश्वविद्यालय के कुलपति करुणेश सक्सेना, प्रोफेसर पीके सिंह आईआईएम इंदौर, कुलसचिव आलोक कुमार, प्रोफेसर वीसी, विश्वविद्यालय के मानस रंजन पाणिग्रहण सहित आदि ने सम्मानित किया।

# स्कूल के बच्चों को स्वच्छता व एफएसटीपी के फायदों की दी जानकारी, जल्द मिलेगा जनता को परियोजना का लाभ

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** शनिवार को राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई (कैप) के तहत आज गंगापुर के पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आरयूआईडीपी जयपुर से आए डिप्टी टीम लीडर कैप श्री अनिल सिंह ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जिसे स्वस्थ जीवन के लिए अपनाना आवश्यक है। स्वच्छ वातावरण हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने आसपास सफाई बनाए रखने, भोजन से पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया।



परियोजना की जानकारी देते हुए सीएमई श्री सौरभ पांडे ने बताया कि आरयूआईडीपी द्वारा एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सेप्टिक टैंकों का मलजल खुले में डालने से गंदगी और बीमारियां फैलती हैं, जो किसी न किसी रूप में पुनः हमारे घरों तक पहुंचती हैं। अब घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलजल को टैंकर के माध्यम से रायपुर रोड स्थित नेहरू नगर में बनाए गए एफएसटीपी प्लांट तक पहुंचाया जाएगा, जहां उसका वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर खाद के रूप में उपयोग किया जाएगा। इससे गंदगी से निजात मिलेगी और वातावरण स्वच्छ रहेगा।

सहायक सामाजिक विकास अधिकारी सुश्री रेखा खटीक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता का सीधा प्रभाव मस्तिष्क और स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता अपनाने तथा कार्यक्रम में दी गई जानकारी को अपने परिवार एवं मोहल्ले में साझा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोवर्धन सोनी भी उपस्थित रहे। उन्होंने आरयूआईडीपी के इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि आमजन को परियोजनाओं का लाभ शीघ्र मिल सके।

# श्याम भक्तों ने निशान अर्पण कर की 11 दिवसीय खाटूधाम पदयात्रा पूर्ण

**15 फरवरी को किया संगीतमय सुन्दरकांड पाठ, 19 फरवरी को बाबा श्री श्याम को भजनों की भजन संध्या का हुआ आयोजन**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री श्याम युवा मित्र मण्डल समिति (रजि.) भीलवाड़ा द्वारा आयोजित भीलवाड़ा से खाटूधाम अष्टम श्री श्याम निशान पदयात्रा दिनांक 10 फरवरी को भीलवाड़ा से रवाना हुई थी मंडल के सदस्यों द्वारा सेवा भावना से 11 दिवस पूर्ण भक्तिमय वातावरण में आज खाटूधाम पर बाबा श्री श्याम एवं निशानों की पूजा अर्चना कर यात्रा का समापन किया गया एवं क्षेत्र की उन्नति की कामना की। मण्डल के अध्यक्ष विवेक बेरीवाला ने बताया की 285 किलोमीटर की 11 दिवसीय निशान पदयात्रा भीलवाड़ा से रवाना होकर लांबिया, गुलाबपुरा, बांदनवाडा, नसीराबाद, सीलोरा, सांभर, रेनवाल एवं पचार होते हुए दिनांक 20 फरवरी को खाटूधाम पहुंची जिसका प्राय सभी शहरों के मुख्य मार्गो पर श्याम भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा एवं पदयात्रियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रा मे विवेक बेरीवाला के साथ कुशल अग्रवाल, आयुष गर्ग, देवेन्द्र राणावत, पूरण सिंह, कुलदीप सिंह, संजय अग्रवाल, विशेष शर्मा, मनीष हिरानी, पवन गोयल, नितिन गोयल, वर्दीचन्द शर्मा, मयंक




अग्रवाल, देवेश पाटीदार, जयदीप मिश्रा, रितेश गर्ग, अंगद परसरामपूरिया, संजय चौधरी, सज्जन अग्रवाल, सत्य प्रकाश लोहिया, सिद्धार्थ बूबना, नरेश गनेड़ीलाल, रघुबीर सिंह, गोपाल माली, तेजु लाल माली एवं अन्य श्याम भक्त बाबा श्री श्याम के निशान लेकर रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान ग्राम भोजियावास (किशनगढ़) मे दिनांक 15 फरवरी को पारस बेरीवाला एवं अक्षत अग्रवाल द्वारा संगीतमय सुन्दरकांड पाठ किया गया एवं साथ ही ग्राम पचार (खाटू) मे दिनांक 19 फरवरी को बाबा श्री श्याम को भजनों की भजन संध्या का आयोजन किया गया एवं बाबा श्याम की कृपा से यात्रा सम्पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 फरवरी को बरसाना गार्डन, चित्तौड़ रोड पर शाम 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन है जिसमें भजन गायक अजय शर्मा दौसा, अभी अनुज पारीक भीलवाड़ा एवं सुगना जांगिड़ बिजयनगर अपनी सुमधुर वाणी से बाबा श्याम को रिझायेगें।

# काशीपुरी धाम में भव्य फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ आज

पुजारी रूपेंद्र शुक्ला एवं रवि पंडित द्वारा अलौकिक श्रृंगार विधिवत मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** फाल्गुन माह की पावन बेला में काशीपुरी स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार 22 फरवरी से फाल्गुन महोत्सव का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। इस वर्ष महोत्सव की शुरुआत रक्तदान शिविर से की जाएगी, जो प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। बाबा श्याम की भक्ति केवल आरती और कीर्तन तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा ही सच्ची भक्ति का सच्चा प्रमाण है। इसी भावना को साकार करते हुए श्री श्याम सेवा समिति द्वारा रक्तदान महादान का आयोजन किया जा रहा है। जिस प्रकार बाबा श्याम अपने भक्तों के कष्ट हरते हैं, उसी प्रकार रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों को जीवनदान देने का संकल्प लिया गया है। प्रातःकाल





बाबा का दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार पुजारी रूपेंद्र शुक्ला एवं रवि पंडित द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा। मंदिर परिसर में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। बाबा के दरबार में एक ओर श्रद्धालु दर्शन करेंगे तो दूसरी ओर मानव सेवा का पावन कार्य निरंतर चलता रहेगा, यही फाल्गुन महोत्सव की विशेषता है। समिति के अध्यक्ष श्री सुरेश पोद्दार ने बताया कि फाल्गुन माह बाबा की विशेष कृपा का समय माना जाता है और इस अवसर पर किया गया सेवा कार्य अनेक गुना फलदायी होता है। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने और महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। आज काशीपुरी स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा के दरबार में भक्ति के साथ सेवा की ज्योत भी प्रज्वलित होगी। राकेश काबरा, नितिन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, प्रिंस, विवेक, जयंत, दीपक, चिन्मय, अभिषेक, कन्हैया, सुरेंद्र, विपिन, घनश्याम, बृजेश, विजेंद्र, अंकित, चिराग, रामकिशन, मोहित, यश, महावीर, राजपाल, टोनी, पुनीत, अक्षत आदि शिविर की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में कार्यरत है।

# उपरेड़ा उच्च माध्यमिक विद्यालय में एग्रीकल्चर कृषि संकाय खुलवाने की 10 वर्ष मांग से अधूरी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा बनेड़ा के उपरेड़ा में पिछले 10 वर्ष से भी अधिक समय से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एग्रीकल्चर संकाय खुलवाने की मांग हेतु माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर एवं राज्य सरकार से लिखित में समय समय पर मांग कि जाती रही है, इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता मुबारिक हुसैन मंसूरी( उपरेड़ा) ने जानकारी देते हुए बताया कि में 10 वर्ष पूर्व उपरेडा उच्च माध्यमिक विद्यालय म में कृषि खोलने की घोषणा भी हुई थी किन्तु राजनीतिक द्वेषता प्रकरण में शीथिलता दे दी गई जिससे प्रकरण जस का तस रह गया एवं शिक्षा विभाग से इस संदर्भ में पत्राचार करने पर शिक्षा विभाग द्वारा खानापूर्ति करके जवाब गलत दे दिया जाता है यह प्रकरण पर तोड़ मरोड़ कर जवाब दे दिया जाता है जिससे अनेक छात्रों का उज्जवल भविष्य अंधकार में हो रहा है वर्तमान में एग्रीकल्चर सब्जेक्ट शाहपुरा में बनेड़ा में एवं गुलाबपुरा मैं ही एग्रीकल्चर संकाय है महंगाई के दौर में कृषि प्रधान परिवारों के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए एग्रीकल्चर सब्जेक्ट के अध्ययन के लिए 25 से 30 किलोमीटर अन्यत्र जाना मजबूरी हो जाती है या आर्थिक रूप से मकान किराया लेना या प्रतिदिन अध्ययन हेतु यात्रा करना काफी महंगा हो जाता है ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादातर कृषि परिवारों से संबंध रखने वाले छात्र-छात्राएं अपने निकटतम स्थान पर दसवीं के अध्ययन के बाद संकाय का चयन करते हैं उसे दौरान ज्यादातर 90% छात्र एग्रीकल्चर




संकाय चुनना पसंद करते हैं छात्रों के लिए अन्यत्र जाना संभव नहीं होता है किंतु जब अपने निजी गांव या आसपास में कृषि संकाय नहीं होने पर मजबूरी में अन्य विषय चुनकर उच्च अध्ययन करते हैं और ऐसी परिस्थितियों में छात्रों का मन कृषि संकाय में होने के बावजूद थोपा हुआ सब्जेक्ट चुनकर उच्च अध्ययन करते हैं जिससे उनका जीवन का अध्याय एकता से समाप्त हो जाता है अनेक बार बच्चे उच्च अध्ययन के बाद नौकरी की आस लगाए बैठते हैं और परिस्थिति वश नौकरी नहीं मिलने पर कृषि सब्जेक्ट से अपनी खेती बाड़ी एवं पशुपालन से जीविकोपार्जन करने की राह चुनते हैं जब कुछ क्लासों में कृषि संकाय के अलावा अध्ययन कर लेते हैं छात्र तो फिर उनको कृषि संबंधी कोई जानकारी नहीं होती है और जब नौकरी नहीं लगती है तो वह बेरोजगारी की मार जय को मजबूर हो जाते हैं इस संदर्भ में उपरेड़ा मैं कृषि संकाय खोले जाने पर बनेड़ा क्षेत्र के लगभग 10 से 12 ग्राम पंचायत के सैकड़ो छात्रों को स्थानीय क्षेत्र में एग्रीकल्चर संकाय कॉलेज जाने पर निकटतम स्थान पर राहत मिलेगी कृषि संकाय खोले जाने की मांग हेतु ज्ञापन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा, उपखंड अधिकारी बनेड़ा, जिला कलेक्टर भीलवाड़ा, संभागीय आयुक्त अजमेर, विधायक महोदय शाहपुरा ट्ठबनेड़ा, सांसद महोदय भीलवाड़ा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर शिक्षा मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री राज्यपाल महोदय तक को सैकड़ो पत्राचार प्रार्थी एवं ग्राम वासियों के द्वारा किए जा चुके हैं, फिर भी समस्या जज की तस है ऐसी स्थिति में शाहपुरा बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी एवं ऊर्जावान एवं कर्मठ आदरणीय विधायक महोदय आदरणीय डॉक्टर लालाराम जी बेरवा साहब एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर एवं राज्य सरकार से करबद्ध निवेदन है ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के हित में उपरेडा में शीघ्र आगामी चालू शैक्षणिक सत्र 2026 कि शुरुआत होने के दौरान एग्रीकल्चर सब्जेक्ट खोला जाए ताकि छात्रों को राहत मिल सके क्षेत्रवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।

**बड़लियास-बेड़च पुल पर सीसी सड़क निर्माण में धांधली**

# ग्रामीणों के विरोध के बाद 'नाममात्र' सरिया डालकर खानापूर्ति

स्मार्ट हलचल | आकोला

क्षेत्र के बड़लियास स्थित बेड़च नदी पुल पर निर्माणाधीन सीसी सड़क में गुणवत्ता की अनदेखी का मामला गरमाता जा रहा है। निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही को लेकर बरूंदनी और बड़लियास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद ठेकेदार ने काम तो शुरू किया, लेकिन मजबूती के मानकों को ताक पर रखकर केवल औपचारिकता निभाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा बेहद हल्के और नाममात्र के सरिये डाले गए हैं, जिन्हें भी सही तरीके से सेट (बाँधा) नहीं किया गया है। भ्रष्टाचार का आरोपः ग्रामीणों का कहना है कि पुल पर भारी वाहनों का दबाव रहता है, ऐसे में बिना पर्याप्त सरिये और सही तकनीक के बनाई जा रही सड़क कुछ ही समय में धंस जाएगी। ग्रामीणों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मौके पर चल रहे कार्य की तकनीकी जांच करवाई जाए और मानकों के विपरीत हो रहे निर्माण को तुरंत रुकवाकर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए।



# अमृता हाट मेलाः विदेशी पर्यटकों ने लगाए राजस्थानी नृत्य संगीत की धुन पर ठुमके, मेले में अब तक 8.48 लाख की बिक्री

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

अमृता हाट मेला के अंतर्गत आयोजित अमृता प्रीमियम लीग में चौथे दिन उत्साह, खेल भावना और सांस्कृतिक रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेले में पहुंचे विदेशी पर्यटक राजस्थान के प्रसिद्ध कालबेलिया, घूमर नृत्य की धुनों पर ठुमके लगाते नजर आए, जिससे वातावरण पूरी तरह लोक रंग में रंग गया।

खेल प्रतियोगिताओं में महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। चम्मच रेस प्रतियोगिता में यामा कंवर प्रथम हेमलता त्रिवेदी द्वितीय एवं गीता कुमारी तृतीय स्थान पर रही। कुर्सी रेस प्रतियोगिता में जय श्री राजपुरोहित प्रथम, काजल जाजवा द्वितीय एवं सीमा देवासी तृतीय स्थान पर रही।





इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में यामा प्रथम, चित्रा द्वितीय एवं वीजा ने तृतीय स्थान एवं 100 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) गीता गरासीया प्रथम, विमला देवी द्वितीय गमेती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी एवं कोच कृष्णा के करकमलों से प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और बढ़ गया।

कार्यक्रम के उपनिदेशक संजय जोशी ने बताया कि अमृता हाट मेले में अब तक कुल 8.48 लाख की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने इसे महिला उद्यमियों के आत्मविश्वास और स्थानीय उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण बताया। मेले में दर्शक विभिन्न हस्त निर्मित उत्पादों के बारे में उत्सुकता से जानकारी ले रहे हैं एवं समूह की महिलाओं को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से भरपूर खरीदारी भी कर रहे हैं। संभाग स्तरीय अमृता हॉट का आयोजन प्रतिवर्ष महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कराया जाता है। मेले का प्रमुख उद्देश्य स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को उद्यमी बनने हेतु अपेक्षित सहायता करना है। प्रमुख उत्पादों में लकड़ी के खिलौने, कोटा डोरिया की साड़ियां, जुट बैग्स, पापड़, राजसमंद का प्रसिद्ध गुलाब शरबत एवं अन्य हस्तनिर्मित उत्पाद भी प्रमुखता से दिखाई दे रहे हैं। मेले में देसी स्वाद का तड़का नाम की स्टॉल भी दर्षकों को आकर्षित कर रही है, जिसमें विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ दर्षकों द्वारा उठाया जा रहा है।

मंच संचालन करते हुए सुपरवाइजर कृष्णा लोहार ने जानकारी दी कि आगामी दिवस 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही मेले की पूर्व संध्या पर कमलेश बामणिया द्वारा कठपुतली नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। जिसे देखकर दर्शन भरपूर रोमांचित हो उठे। कठपुतली नृत्य के माध्यम से लिंगानुपात, महिला सशक्तिकरण का एक प्रभावी संदेश मेलार्थियों को दिया गया।

# स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं जिंदल सॉ लिमिटेड : विनोद माथुर

## जिंदल सॉ लिमिटेड में चार दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा मे भारत की प्रमुख ओद्योगिक इकाई जिन्दल सॉ लिमिटेड मे 120 प्रशिक्षणार्थियो के प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर जिन्दल सॉ लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के विनोद माथुर ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए संस्थान की ओर से प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर आयोजन समिति श्रीमती जानकी देवी सेवा समिति की अध्यक्षा कांता मून्दड़ा ने स्वास्थ्य सेवाओं के साथ समिति द्वारा की जाने वाली स्वास्थ्य जागरुकता के साथ अन्य सेवाओं पर प्रकाश डाला ओर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शीतांशु पांडे डीजीएम पर्यावरण स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने किया। उन्होंने रेडक्रास के साथ श्रीमती जानकी देवी सेवा समिति द्वारा दी गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश मून्दड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश स्तरीय कार्यो के साथ रेडक्रास सोसायटी द्वारा की जा रही सेवा कार्यो की जानकारी उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को साझा की। प्रशिक्षण समारोह के समापन अवसर पर सभी अतिथियों का जिन्दल सॉ लिमिटेड की ओर से स्मृति चिन्ह् उपहार देकर सम्मानित किया गया। चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में रूपलाल खींचीं सहायक प्रबंधक पर्यावरण एवं स्वास्थ्य विभाग, अंजनी उपाध्याय, डॉ. शान्तनु टांक, डॉ. दिलीप सिंह परमार, डॉ स्वाति सिंह, डॉ. प्रियल बंसल, सहित शेजल पोरवाल, अमीषा श्रीवास्तव, ड्राइवर घनश्याम लाल राव का विशेष योगदान रहा।

# कैट मेन विंग उदयपुर इकाई की एक्जीक्यूटिव बैठक सम्पन्न

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

कैट मेन विंग उदयपुर इकाई की एक्जीक्यूटिव बैठक होटल गोरबंध के सभागार में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ अध्यक्ष दिनेश चोरडिय़ा द्वारा सभी सदस्यों के स्वागत के साथ किया गया। दिनेश चोरडिय़ा ने सभी सदस्यों से 1 से 4 मई को दिल्ली में आयोजित भारत महोत्सव में सहभागिता हेतु चलने का आग्रह किया। संरक्षक मनीष गलूंडिया ने 1 से 4 मई को दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत व्यापार महोत्सव पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए इसकी महत्ता एवं व्यापारिक अवसरों की जानकारी दी और इसी संदर्भ में 24 फरवरी को कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल के उदयपुर आगमन की सूचना दी तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सेक्टर वाइज चेयरमैन नियुक्त करने का सुझाव रखा, जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की।

सचिव महेन्द्र तलेसरा ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कैट उदयपुर की प्रति माह एक नियमित बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे आपसी व्यापार को बढ़ावा मिल सके और संगठनात्मक गतिविधियाँ सुदृढ़ हों। कोषाध्यक्ष आशीष जैन ने अवगत कराया कि संगठन का बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया प्रगति पर है। बैठक में राजेश अग्रवाल सहित सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सचिव महेन्द्र तलेसरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

# आबादी अधिकार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | राजसमंद

ग्राम पंचायत नमाना के ग्रामीणों ने पप्पू लाल कीर के नेतृत्व में रक्षा पारीक, उपखंड मजिस्ट्रेट, नाथद्वारा को ज्ञापन सौंपकर गांव की आबादी भूमि से सटी चारागाह भूमि को आबादी भूमि में परिवर्तित करने की मांग की ।

ज्ञापन में बताया गया कि मानपुरा, माल, उमरिया, नमाना, नैनपुरिया, कुमारिया खेड़ा एवं सांगा का खेड़ा गांवों में अनेक परिवार वर्षों से चारागाह दर्ज भूमि पर निवास कर रहे हैं। इन भूमियों को आबादी में दर्ज कर पात्र परिवारों को कानूनी अधिकार देने की मांग की गई।

पप्पू लाल कीर ने बताया कि संबंधित खसरों में बड़ी संख्या में SC, ST, OBC एवं सामान्य गरीब परिवार निवासरत हैं । उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया कि सांगा का खेड़ा एक स्वतंत्र राजस्व गांव होने के बावजूद गांव का आधा भाग नमाना के



राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है, जिससे ग्रामीणों को प्रशासनिक एवं कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । ग्रामीणों ने राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन, स्थल निरीक्षण तथा पात्र परिवारों को शीघ्र कानूनी पट्टा प्रदान करने की मांग की साथ ही गांव के सटीक पास चारागाह खसरा नंबर 211 में घुमंतू परिवार निवास करते हैं इन खसरे को आबादी में लेना अति आवश्यक है । क्योंकि उनके पट्टे प्रक्रिया में चल रहे हैं ।

इस दौरान एडवोकेट भरत पालीवाल, पप्पू लाल कीर, कालूराम कुमावत, जटाशंकर राव, नारायण लाल भील, जीतमल भील, सूर्य प्रकाश, रामलाल सुथार, धर्मेश चंदेल, दिनेश भील, कमलेश भील, हीरा लाल भील, लक्ष्मण आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय परम्परागत कृषि विकास योजना का प्रशिक्षण सम्पन्न



स्मार्ट हलचल

**राजपुरा।** निम्बाहेड़ा पंचायत समिति के सतखण्डा ग्राम पंचायत के सभागार में कृषि विभाग के द्वारा परम्परागत कृषि विकास योजना पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें महिला पुरुषों ने सक्रियता से भाग लिया। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक रमेश चन्द्र जाट ने बताया कि सहायक निदेशक कृषि विस्तार श्री मती अंसु चौधरी के निर्देशा अनुसार सेवानिवृत्त कृषि पर्यवेक्षक उस्मान मंसूरी ने जैविक खेती में वर्मी कम्पोस्ट खाद ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र, बनाने की विधि एवं उपयोग की जानकारी प्रदान की। कृषि पर्यवेक्षक सुरेश कुमार ने तारबंदी, सौर ऊर्जा, के बारे में जानकारी दी। कृषि पर्यवेक्षक अजय कुमार यादव ने सुपर कम्पोस्ट खाद, फार्म पौण्ड के बारे में जानकारी दी। कृषि पर्यवेक्षक प्रहलाद कुमार यादव ने फव्वारा सिंचाई, पाइपलाइन के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक रमेश चन्द्र जाट ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए परम्परागत कृषि विकास योजना की उपयोगीता व हरी खाद पर विस्तृत जानकारी दी। फार्मर मास्टर ट्रेनर प्रहलाद उपाध्याय ने जीवामृत, घनजीवामृत, बनाने की जानकारी दी एवं पोषण वाटिका, लगाकर शुद्ध फल, सब्जी उत्पादन कर उपयोग में लेने का आग्रह किया। खेतों में देशी खाद, जीवामृत,घन जीवामृत का उपयोग कर जैविक कार्बन बढाकर मिट्टी को उपजाऊ बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर उस्मान भाई एल.आर.पी. परम्परागत खेती के भी उपस्थित रहे।

# होलाष्टक में विवाह-सगाई पर लगेगा विरामः मंदिरों में होंगे विशेष अनुष्ठान



स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

फाल्गुन मास में होली से पूर्व आने वाले होलाष्टक 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार होलाष्टक के आठ दिनों को शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना जाता है। इस अवधि में विवाह,गृह प्रवेश,मुंडन,सगाई,नया व्यवसाय प्रारंभ करना जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। होलिका दहन के साथ ही यह अवधि समाप्त हो जाती है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार होलाष्टक के दिनों में ग्रहों की स्थिति उग्र मानी जाती है। जिससे वातावरण में नकारात्मकता बढ़ती है। इसलिए इन दिनों में जप-तप,दान-पुण्य और साधना को विशेष महत्व दिया गया है। श्रद्धालु भगवान विष्णु और भक्त प्रहलाद की कथा का स्मरण करते हुए भक्ति भाव से पूजा-अर्चना करते हैं।

ज्योतिष विशेषज्ञ का कहना है कि होलाष्टक में विशेष रूप से मंगल,शनि और राहु के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की शुरुआत से बचना चाहिए। हालांकि दैनिक पूजा-पाठ और नियमित कार्यों पर कोई रोक नहीं होती। उधर मंदिरों में होलाष्टक के दौरान विशेष पूजा-अनुष्ठान की तैयारियां शुरू हो गई हैं। धर्माचार्यों ने लोगों से इस अवधि में संयम, सत्संग और सेवा कार्यों में भाग लेने की अपील की है। होलिका दहन के साथ ही शुभ कार्यों का सिलसिला पुनः प्रारंभ हो जाएगा और इसके बाद विवाह व अन्य मांगलिक कार्यक्रमों की तिथियां पुनः सक्रिय हो जाएंगी।

# राजस्थान में कांग्रेस विधायक की गाड़ी की टक्कर से पूर्व सरपंच की मौत, गुस्साए लोगों ने किया हाईवे जाम

स्मार्ट हलचल | देवली

राजस्थान के बूंदी जिले में शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में पूर्व सरपंच की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा जिले के हिण्डोली थाना इलाके में हुआ। जहां तेज रफ्तार एसयूवी ने मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में उमर के पूर्व सरपंच बाबू मोहन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक जिस एसयूवी से हादसा हुआ, वह खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर की थी, जो अपने पीए और गनमैन के साथ जयपुर से खानपुर लौट रहे थे। तभी सुबह करीब 11 बजे पेंच की बावड़ी के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि मोपेड के परखच्चे उड़ गए और पूर्व सरपंच ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



### हादसे के बाद फूटा लोगों का गुस्सा

हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव को हाईवे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध-प्रदर्शन के चलते हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हादसे के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

### कार चालक हिरासत में

हादसे के बाद विधायक मौके पर रूके। हालांकि, तनावपूर्ण हालात के चलते पुलिस विधायक को अपने साथ हिण्डोली थाने ले गई। वहीं, पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। विधायक का कहना है कि मोपेड चालक गलत दिशा से आ रहा था। दूसरी ओर गुस्साए लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# स्कूल में छत का प्लास्टर गिरा, बच्चों की सुरक्षा खतरे मेंः जाड़ावत

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने चित्तौड़गढ़ शहर में स्कूल भवन का प्लास्टर गिरने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ऐसी घटना को देखते हुए चित्तौड़गढ़ विधानसभा के जर्जर स्कूल भवनों का निरीक्षण कर डीएमएफटी फंड एवं यूआईटी से स्कूल भवनों की मरम्मत करवाकर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखे क्योंकि सरकार द्वारा जो बजट स्वीकृत किया गया है वह ऊँट के मुंह में जीरा जैसा है। चित्तौड़गढ़ शहर के प्रतापनगर में महात्मा गांधी विद्यालय में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। स्कूल की जर्जर छत का प्लास्टर अचानक नीचे गिर गया, हालांकि बड़ा हादसा



होने से टल गया लेकिन यदि घटना के समय स्कूली बच्चे घटनास्थल पर मौजूद होते तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। जबकि इस विद्यालय की मरम्मत के लिए प्रशासन से बार पत्राचार कर अवगत कराया गया था उसके पश्चात मरम्मत नहीं होना सरकार पर एक सवालिया निशान खड़ा करती हैं कि झालावाड़ में बच्चों की मौत के बाद भी घटना का होना एक बड़ी प्रशासनिक लापरवाही होने का संदेह पैदा करता है।

# क्रोध के सौ नुकसान हैं, पर क्षमा के हजार फायदे हैंः राष्ट्र-संत श्री ललितप्रभ जी

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** राष्ट्र-संत महोपाध्याय श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज ने कहा कि हमने कमरों में तो ऐसी लगा लिया है पर दिमाग अभी भी हीटर जैसा बना हुआ है। अगर व्यक्ति केवल एक बार गुस्सा करता है तो उसकी 24 घंटे की एनर्जी खत्म हो जाती है। गुस्सा हंसी की हत्या करता है और खुशी को खत्म कर देता है। अगर हम गुस्सा करेंगे तो घर वाले भी हमें पसंद नहीं करेंगे और मुस्कान से जिएंगे तो पड़ोसी भी हमें पसंद करना शुरू कर देंगे।

राष्ट्र-संत शनिवार को लोक कल्याणकारी प्रवचन समिति और श्री वासुपूज्य स्वामी मंदिर ट्रस्ट दादावाड़ी द्वारा विद्या निकेतन स्कूल सेक्टर 4 में आयोजित तीन दिवसीय विराट प्रवचन माला के दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खुद को बार-बार समझाएं हे जीव अब तो शांत रह, कब तक गुस्सा करके अपने इस जन्म को और आने वाले जन्म को बिगाड़ता रहेगा। व्यक्ति अपनी



सहनशक्ति बढ़ाएं, सहनशीलता बढ़ाएं तभी वह इस दुनिया में सुख और शांति से जी पाएगा। अगर कभी बड़े डांट लगा ले तो बुरा न माने यह सोच कर कि बड़े नहीं डांटेंगे तो कौन डांटेगा और अगर छोटों से गलती हो जाए तो हमें यह सोचकर गुस्सा नहीं करना चाहिए कि छोटो से गलती नहीं होगी तो किससे होगी। अगर व्यक्ति माफी मांगना और माफ करना सीख जाए तो यह धरती जन्नत बन जाए।

राष्ट्रसंत ने कहा कि गुस्सा इंसान को बर्बादी की तरफ ले जाता है। गुस्से में अगर नौकरी छोड़ोगे तो करियर बर्बाद होगा, मोबाइल तोड़ोगे तो धन बर्बाद होगा, परीक्षा न दोगे तो वर्ष बर्बाद होगा और पत्नी पर चिल्लाओगे तो रिश्ता खराब होगा क्योंकि गुस्सा हमारा मुंह खोल देता है पर आंखें बंद कर देता है। यह पागलपन से शुरू होता है और प्रायश्चित पर पूरा होता है। उन्होंने कहा कि गुस्सा करने से पहले सौ बार सोचें, इससे लाभ नहीं नुकसान ही होना है। जो काम रुमाल से निपट सकता है भला उसके लिए रिवॉल्वर का उपयोग क्यों किया जाए।

गुस्से को जीतने के टिप्स देते हुए संत प्रवर ने कहा कि विरोध के वातावरण में भी मुस्कान को तवज्जो दीजिए, गुस्से को जीतने के लिए क्रोध के वातावरण से दूर रहिए, मौन का अभ्यास बढ़ाइए, सकारात्मक व्यवहार कीजिए, विनोदी स्वभाव के मालिक बनिए, सप्ताह में 1 दिन क्रोध का उपवास अवश्य कीजिए। अगर आप शांति के वातावरण में क्रोध करते हैं तो दुनिया की नजर में आप उग्रवादी कहलाएंगे वहीं यदि क्रोध के वातावरण में भी आप शांत रहेंगे तो किसी देवदूत की तरह पहचाने जाएंगे।

इससे पूर्व डॉ मुनि श्री शांति प्रिय सागर जी महाराज ने कहा कि कुछ लोग खाने के लिए जीते हैं तो कुछ लोग जीने के लिए खाते हैं। जो ज्यादा खाते हैं वे कम जीते हैं जो कम खाते हैं वे ज्यादा जीते हैं। स्वाद के लिए खाना पाप है, जीने के लिए खाना बुद्धिमानी है और संयम जीवन जीने के लिए खाना साधना है। अगर हम घर का बना हुआ खाना खाएंगे तो ज्यादा स्वस्थ रहेंगे और बाजार का खाएंगे तो पेट भी बर्बाद होगा और बीमारियाँ भी फ्री में आएंगी। अगर कोई रसोइयों के हाथों का खाना पाँच दिन लगातार खा ले तो वह गारन्टेड बीमार पड़ेगा। हम हितकारी, सीमित और ऋतु अनुसार भोजन लें। मिठाइयाँ और तली हुई चीजों को सप्ताह में अधिकतम एक बार लें। चुटकी लेते हुए संतश्री ने कहा कि हमारा पेट क्रबिस्तान थोड़े ही है जो आए जैसा डालते जाएं। आखिर पचेगा तो उतना ही जितनी हमारी पाचन क्षमता है बाकी तो सब वेस्ट मेटेरियल बनकर सवेरे वाली गाड़ी से निकल जाएगा फिर ज्यादा खाने से क्या लाभ।

अगर व्यक्ति शरीर का मंदिर की तरह ध्यान रखना शुरू कर दे तो उसे कभी डॉक्टरों की शरण में जाना नहीं पड़ेगा। वरन वह स्वयं अपना चिकित्सक बन जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ वीरेंद्र सिरोया, कालू लाल जैन, हस्तीमल लोढ़ा, गजेंद्र भंसाली, मनीष गंलोडिया, भरत शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं को मनोहर लाल पुष्पा बाफना परिवार द्वारा साहित्य की प्रभावना दी गई। कार्यक्रम में गुरु भक्ति गीत चंदनबाला महिला मंडल एवं पुष्पा बहु मंडल ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन हंसराज चौधरी और आभार अनिल नाहर ने दिया।

कार्यक्रम संयोजक प्रकाश कोठारी ने बताया कि राष्ट्रसंत के कल रविवार को सुबह 9 से 11 बजे तक विद्या निकेतन स्कूल हिरण मगरी सेक्टर 4 में घर को कैसे स्वर्ग विषय पर सत्संग प्रवचन आयोजित होंगे।

# वैर के आस पास आज बिजली कटौतीः सप्लाई बंद, क्षेत्र होंगे प्रभावित

स्मार्ट हलचल

**वैर।** उपखंड मुख्यालय के सिटी प्रथम फीडर पर रविवार 22 फरवरी को मरम्मत कार्य किया जाएगा। कनिष्ठ अभियंता निर्भय सिंह के अनुसार, सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। बताया कि 33/11केवी स्टेशन वैर सिटी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, वैर से निकलने वाले, 11केवी वैर सिटी,फीडर पर मरम्मत एवं रखरखाव एवं लाइन कार्य किया जाएगा। जिस कारण वैर सिटी प्रथम फीडर क्षेत्र की 11केवी गोठरा फीडर क्षेत्र इस सप्लाई रायपुर गोठरा, भोपर, भोड़ागांव, मुहारी, रमासपुर, वाटर बॉक्स इत्यादि फीडर पर जुड़े उपभोक्ताओं की सप्लाई बाधित रहेगी।

# उनियारा में प्रशासनिक मर्यादा पर गम्भीर सवाल : एसडीएम पर अभद्र व्यवहार का आरोप-जवाबदेही तय करने की मांग तेज-जिला कलेक्टर को ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** उनियारा उपखंड में एक गंभीर प्रशासनिक विवाद ने सरकारी कार्यसंस्कृति व कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनियारा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एसडीएम पूजा मीणा पर तहसील कार्यालय उनियारा में कार्यरत एक प्रशासनिक अधिकारी के साथ कथित अभद्र व्यवहार का आरोप लगा है। मामला अब केवल व्यक्तिगत विवाद नहीं रह गया, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और पद की गरिमा से जुड़ा मुद्दा बन गया है। 'क्या वरिष्ठ अधिकारी को खड़ा रहने के लिए कहना सेवा आचरण के अनुरूप है?'

तहसील कार्यालय उनियारा में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र कुमार राव (पूर्व कार्यवाहक तहसीलदार, अलीगढ़) ने आरोप लगाया है कि :उन्हें किसी फाइल चर्चा के लिए एसडीएम कार्यालय में बुलाया गया। प्रतीक्षा के दौरान आगंतुकों हेतु रखी कुर्सी पर बैठने पर आपत्ति जताई गई। कथित रूप से कहा गया कि 'मैंने आपको बैठने के लिए नहीं कहा। ' यहां तक कि कार्यालय से बाहर जाने तक की बात कही गई। प्रश्न यह उठ रहा है कि यदि कोई अधिकारी विधिवत



बुलावे पर पहुंचता है, तो क्या उसे बैठने के लिए मौखिक अनुमति की आवश्यकता है? क्या यह व्यवहार प्रशासनिक शिष्टाचार की परिभाषा में आता है?

### 39 साल की सेवा बनाम 5 साल का प्रशासनिक अनुभव

देवेन्द्र कुमार राव 39 वर्ष की राजकीय सेवा पूरी कर चुके वरिष्ठ अधिकारी हैं और जून 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। हाल ही में उन्हें प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नति मिली है। दूसरी ओर, एसडीएम पूजा मीणा को वर्ष 2021 में पहली नियुक्ति मिली थी। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या अनुभव और पदानुक्रम की संवेदनशीलता को दरकिनार किया गया?

### कर्मचारी महासंघ की खुली चेतावनी

घटना से आक्रोशित राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट कहा है कि : यह मामला केवल एक अधिकारी का नहीं, बल्कि समूचे मंत्रालयिक वर्ग की गरिमा का है। यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन पर विचार किया जाएगा। प्रशासनिक आचरण नियमों के तहत जवाबदेही तय की जाए।

### बड़ा सवाल : क्या उपखंड स्तर पर बन रही है भय की संस्कृति? -

सूत्रों के अनुसार, कर्मचारियों में यह चर्चा है कि उपखण्ड स्तर पर संवाद का वातावरण तनावपूर्ण हो रहा है। यदि एक प्रशासनिक अधिकारी स्वयं को अपमानित महसूस करें, तो इसका सीधा प्रभाव राजस्व कार्यों, फाईल निस्तारण और जनसुनवाई पर पड़ सकता है।

प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि : एक एसडीएम केवल पदाधिकारी नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति का नेतृत्वकर्ता होता है। अनुशासन और अहंकार के बीच की रेखा बहुत पतली होती है। यदि व्यवहार मर्यादित नहीं रहा, तो शासन की छवि प्रभावित होती है।

### जांच होगी या लीपापोती?

अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं। क्या स्वतंत्र जांच अधिकारी नियुक्त होगा? सीसीटीवी फुटेज और स्टाफ के बयान लिए जाएंगे? जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी? या मामला केवल औपचारिक स्पष्टीकरण तक सीमित रह जाएगा? - दोनों पक्षों की स्थिति -

प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र कुमार राव का कहना है : 'मैं 2019 के एक रिसीवरी प्रकरण की फाईल चर्चा के लिए एसडीएम के बुलाने पर गया था। एक अधिकारी का कुर्सी पर बैठना कोई अपराध नहीं है। जिस प्रकार का व्यवहार हुआ, वह पद की गरिमा के अनुरूप नहीं था। '

एसडीएम पूजा मीणा का कहना है : 'दुर्व्यवहार का आरोप पूरी तरह गलत है। जांच हो जाएगी तो सच्चाई सामने आ जाएगी। '

### प्रशासनिक गरिमा की परीक्षा

यह प्रकरण टोंक जिले में प्रशासनिक आचरण और जवाबदेही की कसौटी बन चुका है। यदि एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के साथ वास्तव में अगर एसडीएम द्वारा ऐसा दुर्व्यवहार हुआ है तो यह गंभीर प्रश्न है? और यदि आरोप निराधार हैं, तो भी सच्चाई स्पष्ट करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। अब देखना यह है कि जिला कलेक्टर स्तर पर इस मामले में पारदर्शी जांच होती है या नहीं – क्योंकि प्रशासनिक पद केवल अधिकार नहीं, बल्कि जवाबदेही का भी प्रतीक है।

# ऑपरेशन नीलकंठ के तहत 409.9 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा जब्त

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** निकटवर्ती थाना गोटन पुलिस ने ऑपरेशन नीलकंठ के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। दौराने गश्त सरहद गोटन क्षेत्र में पुलिस ने एक क्षतिग्रस्त पीकअप वाहन से भारी मात्रा में डोडा पोस्त चूरा बरामद किया।

थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी, तभी एक संदिग्ध अवस्था में खड़ी क्षतिग्रस्त पीकअप वाहन पर संदेह हुआ। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें प्याज के कट्टों के नीचे छिपाकर रखा गया अवैध मादक पदार्थ मिला।

पुलिस द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थ का कुल वजन 409.9 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा पाया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 61 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है।

इसके अतिरिक्त वाहन से



अलग-अलग नंबरों की कई नम्बर प्लेटें भी बरामद की गई हैं, जो तस्करी के दौरान पहचान छुपाने के उद्देश्य से इस्तेमाल की जा रही थीं। परिवहन में प्रयुक्त उक्त पीकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर अज्ञात तस्करों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मादक पदार्थ कहां से लाया गया और इसे कहां पहुंचाया जाना था। थाना गोटन पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशे के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस द्वारा आगे भी सख्ती से कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

# सांगानेर, बगरु विधानसभा क्षेत्र की नियमन हेतु संघर्ष समिति की मीटिंग आज

## संघर्ष समिति के तत्वावधान में विशाल आमसभा के बाद पेदल मार्च कर सरकार का कराएंगे ध्यान

स्मार्ट हलचल

**सांगानेर।** सांगानेर एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र की 87 कॉलोनीयों के नियमन के संदर्भ में रघुनंदन सिंह हाड़ा अध्यक्षठ्ठनियमन हेतु संघर्ष समितिठ्ठ ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया की सभी कोलोनीवासियो से समिति आवाहन करती है कि दिनांक 22 फरवरी 2026 रविवार को सुबह 10 बजे एक विशाल आमसभा का आयोजन शिवम गार्डन, पन्नाधाय सर्कल के पास, प्रताप नगर में किया जा रहा है।

इस आमसभा में सभी प्रभावित कॉलोनीयों के हर घर से कम से कम एक सदस्य का उपस्थित होना हर हालत में आवश्यक है, क्योंकि अब पानी हमारे सर के ऊपर से गुजर रहा है और अब हमारे आशियाना एवं बच्चों के भविष्य का सवाल है।

आमसभा के पश्चात एक शांतिपूर्ण मार्च पन्नाधाय सर्कल से काली माता मन्दिर, श्योपुर चौराहे से होते हुए पिंजरापोल गौशाला से होते हुए सांगानेर थाने तक पहुँचेंगे, ताकि इस तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित किया जा सके।

नियमन संघर्ष समिति संयोजक रामप्रसाद ढाकां ने अपील करते हुए कहा की सभी कॉलोनीयों की विकास समितियां अपने-अपने बैनर के साथ उपस्थित रहे और हर कॉलोनी से हर घर से एक सदस्य कम से कम यहां उपस्थित रहे, यह सुनिश्चित हो तो ही हम अपनी बात सरकार तक पहुंच पाएंगे। आगे प्रेस वार्ता में उन्होंने 87 कॉलोनी वासियों से अपील करते कहा आप सभी सांगानेर बगरु विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनी वासियों से अपील है आप सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आंदोलन को सफल बनाएं।

# महुवा विधायक राजेंद्र मीना का जांगिड समाज के सम्मान में विधानसभा में आवाज उठाने पर जांगिड़ समाज के पदाधिकारी ने किया सम्मान

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महवा विधायक राजेंद्र मीणा के जयपुर स्थित आवास पर अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा पवार के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारियों ने महुवा विधायक राजेंद्र मीना से आत्मीय मुलाकात कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर जांगिड़ समाज के प्रतिनिधियों ने विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

विधायक राजेंद्र मीना ने कहा कि जांगिड ब्राह्मण समाज प्रदेश की समृद्ध शिल्प परंपरा, सांस्कृतिक धरोहर और सृजनशीलता का सशक्त प्रतीक है। समाज के



कारीगरों और प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी मेहनत, कौशल और समर्पण से न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश में पहचान बनाई है। समाज के उत्थान, शिक्षा के विस्तार और युवा सशक्तिकरण के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। विधायक राजेंद्र मीणा ने शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती के पावन अवसर पर पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग मजबूती से उठाई गई। भगवान विश्वकर्मा जी सृजन, निर्माण एवं तकनीकी कौशल के आदर्श हैं और जांगिड ब्राह्मण समाज सहित समस्त शिल्पकार समुदाय की गहरी आस्था के केंद्र हैं। यह मांग समाज की भावनाओं और सम्मान से जुड़ा विषय है।


महवा विधायक राजेंद्र मीना ने आश्वस्त किया कि वे सर्व समाज के मान-सम्मान, अधिकारों और विकास से जुड़े मुद्दों को सदन में निरंतर मजबूती से उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सर्व समाज के विश्वास और आशीर्वाद से ही जनसेवा का यह दायित्व और अधिक सशक्त बनता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जांगिड समाज के गौरव और हितों की रक्षा के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे।

# वानरों में फैल रही त्वचा बीमारी को लेकर जागरूकता की अपील

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/अजमेर।** पुष्कर घाटी में मीठा खिलाने से बीमारी बढ़ने की आशंका, प्राकृतिक आहार देने की सलाह मांगलियावास, (निसं. सरेराह)। पुष्कर घाटी सहित आसपास के

क्षेत्रों में इन दिनों वानरों में हाथ-पैरों पर खुजली जैसी त्वचा संबंधी बीमारी फैलने की सूचना सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई वानर गंभीर परेशानी से जूझते दिखाई दे रहे हैं, जिससे चिंता बढ़ी है। जानकारी के मुताबिक विशेषज्ञों व पशुप्रेमियों का मानना है कि वानरों को अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थ जैसे शक्कर से बने पकवान खिलाने से त्वचा रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में नागरिकों से अपील की जा रही है कि धार्मिक भावनाओं के तहत मीठा खिलाने की बजाय कंद-मूल, फल और अन्य प्राकृतिक आहार उपलब्ध



कराएं, जिससे वानरों का स्वास्थ्य बेहतर रह सके । पशुसेवकों ने बताया कि बीमार वानरों को राहत देने के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता और उपचार की आवश्यकता है। जीव सेवा से जुड़े लोगों से भी आग्रह किया गया है कि प्रभावित वानरों की देखभाल और चिकित्सा सहायता के प्रयासों में सहयोग करें, ताकि इन बेजुबान जीवों को असहनीय पीड़ा से बचाया जा सके।

# दुष्कर्मी को 20 साल की कठोर सजा

**चित्तौड़गढ़।** विशेष न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधीनियम 2012 (पोक्सो) संख्या -1 की न्यायाधीश ने 4 वर्ष पुराने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास और 55 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजन गोपाल लाल जाट ने बताया कि 2022 में शहर कोतवाली में हुसैन खिलजी पिता मोहम्मद हनीफ निवासी खांजी पीर उदयपुर के विरुद्ध एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया गया कि आरोपी ने एक नाबालिग को एक शादी में मुलाकात के बाद मोबाइल नम्बर लेकर बहला फुसला कर चामटी खेड़ा स्थित होटल में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया। जिसकी सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 22 गवाह और 34 दस्तावेज पेश किए गए। जिनके आधार पर न्यायाधीश ने आरोपी को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी मानते हुए धारा 354(डी), 376(2) (एच) भा.द. सं. व पोक्सो एक्ट की धारा 5(एल)/ 6, 25/12 के तहत 20 वर्ष का कठोर कारावास व 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके साथ ही पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत 2 लाख रुपये दिलाए जाने का भी आदेश पारित किया।

# राजस्थान नगरीय निकाय चुनावः 39 जिलों की 196 निकायों में प्रस्तावित चुनाव, मतदाता सूची का शेड्यूल जारी

## अंतिम सूची 22 अप्रैल 2026 को आएगी, हाईकोर्ट की 15 अप्रैल की समय-सीमा के चलते चुनाव

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजस्थान में नगरीय निकाय चुनावों को लेकर राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने का शेड्यूल जारी कर दिया है। आयोग के अनुसार फिलहाल राज्य के 39 जिलों की 196 नगरीय निकायों में ही चुनाव कराए जा सकेंगे। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हो गई है, हालांकि निर्धारित समय-सीमा को लेकर प्रशासनिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं।

### मतदाता सूची की समय-सीमा तय

जारी कार्यक्रम के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 24 मार्च 2026 को किया जाएगा। इसके बाद आपत्तियां प्राप्त करने और उनके निस्तारण के लिए 28 दिन की अवधि निर्धारित की गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। आयोग ने अपने आदेश में राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला दिया है। उच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल 2026 तक नगरीय निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं, जबकि शेड्यूल के अनुसार अंतिम मतदाता सूची 22 अप्रैल को प्रकाशित होगी। ऐसे में अप्रैल मध्य तक चुनाव कराना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं दिख रहा है।

नगर निगमों में चुनाव की तैयारी आयोग के अनुसार, जिन नगर निगमों में चुनाव कराए जाएंगे, उनमें अजमेर, बीकानेर, भरतपुर, जयपुर, अलवर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर शामिल हैं। इन प्रमुख शहरी निकायों में चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू की जा रही हैं।

### नगर परिषदों की सूची भी जारी

नगर परिषद स्तर पर जिन निकायों में चुनाव प्रस्तावित हैं, उनमें सलूंबर, निम्बाहेड़ा, बांसवाड़ा, बूंदी, बारां, जालोर, बालोतरा, बाड़मेर, तिजारा, खैरथल, बहरोड़, झुंझुनूं, फतेहपुर, सीकर, दौसा, शाहपुरा, सवाई माधोपुर, हिंडौन सिटी, धौलपुर, सुजानगढ़, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, डीडवाना, मकराना, ब्यावर, टोंक, नागौर और किशनगढ़ शामिल हैं।

### पंचायती राज चुनाव की व्यवस्था स्पष्ट

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस बार पंच और सरपंच के चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएंगे, जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव ईवीएम के माध्यम से होंगे। कुल मिलाकर राजस्थान में नगरीय निकाय चुनावों की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, लेकिन अंतिम मतदाता सूची की तारीख और उच्च न्यायालय के निर्देशों के बीच तालमेल बैठाना आयोग और प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।

# ज्वैलेरी शोरुम में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली थाना पुलिस ने क्षेत्र के राणासांगा बाजार स्थित निखार ज्वेलर्स में शहर में चार माह पूर्व हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गत 09 अक्टूबर को संदीप पुत्र अशोक कुमार मेहता जैन की राणासांगा बाजार स्थित सोने चांदी की निखार ज्वेलर्स नामक दुकान पर काम करने वाला हरिश सिंधी एक सोने की चेन वजनी 49 ग्राम 510 मिलीग्राम की चोरी कर ले गया है। जिस पर प्रकरण दर्ज कर एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी तुलसीराम के नेतृत्व में एएसआई कैलाश चन्द्र, कांस्टेबल भूपेन्द्र



सिंह, संजय कुमार, साइबर सेल के एएसआई राजकुमार व कांस्टेबल रामनरेश की टीम का गठन किया गया। इस टीम ने तकनीकी सहायता से आरोपी हरिश पुत्र परमानन्द सिंधी निवासी रायसिंह नगर श्रीगंगानगर हाल रेवाड़ी (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया। जिससे प्रकरण चोरी चेन के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

# अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर माली-सैनी समाज की जन यात्रा महुआ विश्राम कर आगे के लिए रवाना, 25 फरवरी को पहुंचेगी जयपुर

## विधानसभा घेराव का ऐलानः सैनी समाज धर्मशाला से शुरू हुई यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत, हजारों लोग हुए शामिल

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा उपखंड मुख्यालय के भरतपुर रोड स्थित सैनी धर्मशाला में रात्रि विश्राम कर शनिवार को प्रातः 10:00 अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर माली सैनी समाज की जन् यात्रा महुवा कस्बे के अंदर होते हुए जयपुर के लिए रवाना हुई। अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर माली-सैनी समाज की जन यात्रा अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। समाज के हक और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से निकली यह जन यात्रा शनिवार को भरतपुर रोड स्थित सैनी समाज धर्मशाला से प्रातः 10 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ हुई। यात्रा के दौरान समाज के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और जगह-जगह जेसीबी मशीनों के माध्यम से पुष्प वर्षा कर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में सैनी समाज के हजारों महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे मार्ग में समाज की एकता और जागरूकता का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। जन यात्रा का रात्रि विश्राम शनिवार को मानपुर में रखा गया है, जहां आगे की रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी। वहीं सैनी कुशवाहा समाज ने 25 फरवरी को जयपुर में विधानसभा घेराव का ऐलान किया है, जिसे लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

समाज की मांगों को लेकर बढ़ा जन समर्थन

माली-सैनी कुशवाहा समाज की यह जन यात्रा केवल एक प्रदर्शन नहीं बल्कि लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर संगठित जन आंदोलन का रूप लेती जा रही है। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि खेती-बाड़ी पर निर्भर इस वर्ग की कई जायज मांगें वर्षों से लंबित हैं, जिन पर सरकार द्वारा अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। यात्रा के दौरान लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी के साथ-साथ अपनी मांगों को मनवाने का दृढ़ संकल्प भी देखने को मिला। समाज के लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि मांगें



नहीं मानी गई तो विधानसभा घेराव ऐतिहासिक होगा। पूर्व विधायक डॉ. ओमप्रकाश हुडला ने जन यात्रा में सम्मिलित होकर अपना समर्थन दिया। चंद्रप्रकाश सैनी के नेतृत्व में बढ़ रहा कारवां यात्रा का नेतृत्व कर रहे फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सैनी ने कहा कि यह जन यात्रा समाज के स्वाभिमान और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि समाज लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार की ओर से अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो 25 फरवरी का विधानसभा घेराव बड़े जन आंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने समाज के लोगों से शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से आंदोलन में भाग लेने की अपील भी की।

रास्ते भर हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत

जन यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, विभिन्न गांवों और कस्बों में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कई स्थानों पर जेसीबी मशीनों के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई, जिससे यात्रा का माहौल पूरी तरह उत्सव जैसा बन गया। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। समाज के बुजुर्गों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम भी लगातार सक्रिय रही। यात्रा सैनी छात्रावास से आगे बढ़ते हुए निर्धारित मार्गो से गुजरकर मानपुर पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम रखा गया है।

इस अवसर पर चंद्रप्रकाश सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष फुले ब्रिगेड, रूपसिंह सैनी, तहसील अध्यक्ष सैनी समाज महुवा बबलू सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष फुले ब्रिगेड, महावीर सैनी, विधानसभा अध्यक्ष फुले ब्रिगेड, राजाराम सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले अध्यक्ष, तरुण सैनी महुवा, राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी फुले ब्रिगेड, नेमीचंद सैनी, अध्यक्ष सब्जी मंडी महवा, दुलीचंद सैनी, पूर्व अध्यक्ष सैनी समाज महुवा, जयलाल सैनी, पूर्व सब्जी मंडी अध्यक्ष, सत्यनारायण लाला सैनी, पूर्व अध्यक्ष सब्जीमंडी, टीकम सैनी, हलेना, महेश सैनी, पूर्व जिला परिषद, भगवान सिंह सैनी, अध्यक्ष श्याम परिवार सब्जी मंडी महुवा वेद प्रकाश एडवोकेट, जयसिंह, सरपंच बलमगढ़ समयसिंह शेरसिंह सैनी राधेश्याम सैनी, VDO, करण सैनी, अभिषेक सिकंदरा, मोनूसैनी,, देवली उनियारा, रामकिशन मामा, बाणासुर राजाराम सैनी, सिकराय, मुखराम सैनी, सोनू सैनी, हेमंत सैनी, महेंद्र सैनी, राम सैनी, जयसिंह पाटोली उम्मेदसिंह पाटोली, जीतन पाटोली, बलवीर सैनी, दुल्हापुरा , कमल सैनी, सलेमपुर, गजेंद्र सैनी, खेड़ी, पुन्याराम सैनी, गाज़ीपुर सहित सनी कुशवाहा समाज के हजारों युवा महिला पुरुष पूरे जोश के साथ यात्रा में शामिल रहे।

# जाखड़ के एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से हर्ष, आतिशबाजी की




**मण्डफिया।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विनोद जाखड़ की नियुक्ति होने पर स्थानीय एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर हर्ष व्यक्त किया।

जानकारी के अनुसार एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विनोद जाखड़ के मनोनयन पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव जितेन्द्र गुर्जर मंडफिया के नेतृत्व में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान प्रदेश सचिव जितेन्द्र गुर्जर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन को विनोद जाखड़ के नेतृत्व में नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती मिलेगी। उनकी यह नियुक्ति छात्र हितों की आवाज़ को और अधिक प्रभावी बनाएगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**राशमी।** पुलिस ने वर्ष 2023 के एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सीआई रतनसिंह ने बताया कि आरोपी सुरेश पुत्र नाथु अहीर निवासी देवीपुरा प्रथम, थाना राशमी, वर्ष 2023 से फरार चल रहा था। वह अपनी पहचान छिपाकर लगातार स्थान बदल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गोराजी चौराहा रोड पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में थाना राशमी के कांस्टेबल मनोज कुमार, अर्जुनलाल, सुमित तथा सीओ कार्यालय गंगरार के कांस्टेबल रामसिंह व विधाधर शामिल रहे। आरोपी से मामले में पूछताछ जारी है।

# खाटू श्याम मंदिर में आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेले का शुभारंभ





## 27 फरवरी (एकादशी) को मुख्य मेला, पुलिस-प्रशासन के पुख्ता प्रबंध

स्मार्ट हलचल | जयपुर

सीकर जिले के विश्वविख्यात खाटूधाम में बाबा लखदातार श्याम का आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेले का शुभारंभ 21 फरवरी से श्रद्धा और उल्लास के साथ हो गया है। मुख्य मेला 27 फरवरी (फाल्गुन एकादशी) को आयोजित होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### भव्य सजावट से सजा श्याम दरबार

फाल्गुन मेले को दिव्य और आकर्षक बनाने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर के सिंहद्वार पर भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 120 बंगाली कारीगरों द्वारा भव्य सजावट कराई गई है। परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, ताकि श्रद्धालु बाबा श्याम के साथ सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

### सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था

देशभर से आने वाले श्रद्धालु रींगस डाइवर्जन, चारण मेला मैदान, लखदातार मैदान और 40 फीट नवीन मार्ग से होकर सुगमता से बाबा श्याम के दरबार में पहुंच रहे हैं। राजस्थान पुलिस, प्रशासन और मंदिर कमेटी ने दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

### राजस्थान पुलिस के सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध

12 पुलिस सहायता बूथ, 24 घंटे सक्रिय हेल्पलाइन, राजस्थान पुलिस द्वारा मेले में व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि मेले के दौरान त्वरित सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के साथ ही मोबाइल नंबर 9667600788 जारी किया गया है। दोनों हेल्पलाइन 24 घंटे सक्रिय रहेंगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां से मार्गदर्शन एवं सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### श्रद्धा, व्यवस्था और सुरक्षा का संगम

फाल्गुन मेले में जहां एक ओर भक्ति और उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासन और पुलिस की सतर्क व्यवस्था श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन का भरोसा दिला रही है। खाटूधाम में इस समय श्रद्धा, भव्यता और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

# 25 हजार के इनामी डकैत को पुलिस ने किया अदालत में पेश, मजिस्ट्रेट ने रिमांड लेने के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए 25 हजार रुपये के इनामी डकैत दीवान गुर्जर को शनिवार को हिंडौन सिविल न्यायालय में पेश किया गया। मजिस्ट्रेट ने डकैत का रिमांड लेने के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर ने बताया कि रिमांड के दौरान पुलिस डकैत दीवान से अन्य आपराधिक वारदातों में संलिप्तता होने के सम्बन्ध में कड़ी पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि कुख्यात डकैत जगदीश गुर्जर की गिरोह के सक्रिय सदस्य दीवान पुत्र मुंशी गुर्जर, निवासी बरेड थाना सदर बाडी जिला धौलपुर को पुलिस ने धौलपुर के बीहड जंगलों से गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि 28 अगस्त 2016 की रात करीब 1:00 बजे सूरौठ निवासी कृष्णा सोनी के घर में हथियारबंद नकाबपोश बदमाश घुस आए थे। बदमाशों ने परिवार को जान से मारने की धमकी देकर तिजोरी की चाबी मांगी और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। अपराधी वहां से 4 तोला सोना और नकदी लूटकर फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना सूरौठ में आईपीसी की धारा 458, 380 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में सूरौठ पुलिस सात जनों को पूर्व गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि दीवान गुर्जर 10 साल से फरार चल रहा था जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। शनिवार को थाना प्रभारी सोहन सिंह एवं पुलिस के काफी जवानों की मौजूदगी में डकैत दीवान गुर्जर को न्यायालय में पेश किया गया।

# साढ़े 9 किलो अफीम व 96 किलो से अधिक अफीम डोडाचूरा जब्त





**चित्तौड़गढ़।** स्थानीय केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो डिवीजन-2 की टीम ने एक कार से निम्बाहेड़ा क्षेत्र से 96 किलो से अधिक डोडाचूरा जब्त किया है, वहीं दूसरी टीम ने जावद मध्य प्रदेश से करीब 6 किलो अफीम और जयपुर की टीम ने उदयपुर हाईवे पर बाइक सवार से पौन चार किलो अफीम जब्त कर कुल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही के दौरान दो व्यक्ति फरार होने में सफल रहे।

जानकारी के अनुसार उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा नरेश बुन्देल के निर्देशन में केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़-2 डिवीजन की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 16 फरवरी को अरनोदा माली-निम्बाहेड़ा रोड पर एक टाटा टियागो कार को रोका, जिसमें सवार दो व्यक्तियों में से एक अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 96 किलो 680 ग्राम अवैध डोडा चूरा मिला, जिसे कार सहित जब्त कर मौके पर मौजूद व्यक्ति को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार चित्तौड़गढ़ सेल की टीम ने 18 फरवरी को जिला नीमच के जावद में एक घर पर छापा मारकर 5.950 किलो अवैध अफीम बरामद की। इस दौरान मौके पर मौजूद व्यक्ति बेहोशी का नाटक करता रहा, जिसे गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो जयपुर सेल की टीम ने 19 फरवरी को उदयपुर-चित्तौड़गढ़ हाईवे सर्विस लेन पर चामुंडा राठाजी हिमाचल पंजाब होटल के पास एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के कब्जे से 3.687 किलो अफीम बरामद कर उसे भी गिरफ्तार किया।

# अवैध बजरी पर शिकंजा, जेसीबी मशीन और बजरी के दो ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त


स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



रायपुर पुलिस ने अवैध खनन के विरूद्ध बडी कार्यवाही करते हुए ,एक जेसीबी मशी व दो ट्रेक्टर ट्रोली मय अवैध बजरी के डिटेन किए है । धर्मेन्द्र सिंह यादव आदेशनुसार अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए सहाड़ा एएसपी बुद्धराज खटीक के निर्देशन में और गंगापुर वृताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के निकटतम सुपरविजन में उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया । गठित विशेष टीम का नेतृत्व रायपुर थानाप्रभारी शंभू दयाल ने किया। पुलिस के अनुसार थानाप्रभारी शंभू दयाल के नेतृत्व में गठित टीम ने गश्त के दौरान बोराणा, गुर्जरो का खेडा भीटा, भटेवर होते हुए सरहद थोरिया खेडा कोठारी नदी मे पहुंचे जहां नदी मे एक जेसीबी व दो ट्रेक्टर मय ट्रोली के अवैध बजरी खनन करते हुए पाए गए जेसीबी व ट्रेक्टर चालक पुलिस जीप को देख मौके से भाग गये जिनका पीछा किया गया तो जंगलो की तरफ भाग गये उक्त जेसीबी व ट्रेक्टरो के पास जाकर देखा तो एक जेसीबी मशीन व दो ट्रेक्टर ट्रोली मे करीब 8 टन अवैध बजरी भरे हुए को जप्त किया गया। गठित टीम में थानाप्रभारी के अलावा रणजीत सिंह सउनि ( विशेष योगदान ) एचसी भवानी सिंह, कांस्टेबल सुभाषचंद, मुखराम ( विशेष योगदान ) मुकेश , उम्मेदसिंह , बिरजु शामिल थे ।

# भीषण जाम से निकल कर लिया नेत्रदान-लीला देवी गुप्ता की मृत्यु ने दूर किया नेत्रहीनों का अंधेरा, परिवार ने किया नेत्रदान

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** जब इरादे अटल होते हैं तो बाधाएँ रास्ता रोक नहीं सकती, शनिवार को रामगंजमंडी में लीला देवी गुप्ता के नेत्रदान के लिए कोटा से आई हुई शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम जब दरा के जाम में फस गई, तो टीम के डॉक्टर कुलवंत गौड़ ने 3 किलोमीटर पैदल चलकर ट्रेन से रामगंजमंडी पहुंचकर नेत्रदान प्राप्त किया।

शाइन इंडिया फाउंडेशन के नगर संयोजक संजय विजावत ने बताया कि एक विवाह समारोह में भारत विकास परिषद सदस्या शकुंतला गुप्ता को ओम गुप्ता की पत्नी लीला देवी (57 वर्षीया) के निधन का समाचार प्राप्त हुआ वहीं पर उनके साथ भवानीमंडी के नेत्रदान प्रभारी कमलेश गुप्ता दलाल मौजूद थे, दोनों ने जब परिवार से नेत्रदान के लिए चर्चा की तो समाजसेवी परिवार के द्वारा तुरंत नेत्रदान की सहमति प्राप्त हो गई एवं सूचना पर कोटा से डॉक्टर कुलवंत गौड़ ज्योति-रथ को लेकर रामगंजमंडी को रवाना हो गए। परिवार के द्वारा पर्याप्त समय मार्जिन को देखते हुए दोपहर 4:00 बजे का अंतिम संस्कार का समय निर्धारित किया हुआ था परंतु डॉक्टर गौड़ की गाड़ी दरा के जाम में फस गई और समय निकलता जा रहा था, ऐसे में डॉक्टर गौड़ 3 किलोमीटर पैदल चलकर दरा रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां से ट्रेन पड़कर नियत समय पर रामगंजमंडी पहुंचकर परिवार एवं उपस्थित सैकड़ो समाज सदस्यों के सामने नेत्रदान प्राप्त किया तथा उसके बाद अंतिम यात्रा रवाना हुई। नेत्रदान प्रक्रिया में राधेश्याम गुप्ता, मोनु माहेश्वरी, प्रेमचंद गुप्ता इत्यादि ने सहयोग किया।

कमलेश गुप्ता ने बताया कि यह मेड़तवाल समाज से 75 वाँ नेत्रदान प्राप्त हुआ है, समाज में नेत्रदान और रक्तदान की जागरूकता के लिए मेड़तवाल रक्त नेत्र-मित्र समिति का गठन किया गया है, किसी भी शोक संदेश पर समिति के सदस्य परिवार से बातचीत करके नेत्रदान का प्रयास करते हैं और इसके सकरात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं, वही यह रामगंजमंडी का 73 वाँ नेत्रदान हुआ है। संजय विजावत के अनुसार शाइन इंडिया फाउंडेशन की लगातार कार्यशालाओं एवं जागरूकता गोष्ठियों के कारण अब नेत्रदान विषय घर घर तक पहुंच गया है एवम शोक के समय परिवार से छोटे से निवेदन पर ही नेत्रदान के लिए सहमति प्राप्त हो जाती है।

# गणिनी आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी के सान्निध्य में 22 फरवरी से सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं दीक्षा जयंती महोत्सव

### श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर, आर के पुरम में सिद्धचक्र महामंडल विधान,

स्मार्ट हलचल | कोटा



श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर, त्रिकाल चौबीसी परिसर, आर.के.पुरम में 22 फरवरी से 3 मार्च तक सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं दीक्षा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव परम पूज्य गणिनी आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी ससंघ (12 पिच्छी) के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा।

मंदिर अध्यक्ष अंकित जैन ने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः मंगलााचार्य, जिन सहस्त्रनाम धारा, अभिषेक, शांति धारा, सिद्धचक्र महामंडल विधान, विशेष प्रवचन, आरती एवं गुरु-भक्ति जैसे आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर के समीप निर्मित बनो समोशरण में सिद्धचक्र महामंडल विधान के अंतर्गत लगभग 300 जोड़े एक साथ बैठकर पावन अर्घ समर्पित करेंगे।

उपाध्यक्ष लोकेश जैन बरमुंडा ने जानकारी दी कि महोत्सव का प्रमुख आकर्षण 26 फरवरी, गुरुवार को आयोजित होने वाला दीक्षा जयंती महोत्सव रहेगा, जिसमें विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से पूज्य गणिनी आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी। इसके साथ ही 27 फरवरी को नेमी कुमार की बारात तथा 1 मार्च को दिग्विजय यात्रा एवं भरत-बाहुबली युद्ध नाट्य का आयोजन भी प्रस्तावित है।

कार्याध्यक्ष प्रकाश सेठिया ने बताया कि विधान कार्यक्रम में विधानाचार्य पं. जितेन्द्र शास्त्री एवं सह-विधानाचार्य पं. रविन्द्र शास्त्री तथा स्वतंत्र जैन का मार्गदर्शन रहेगा। समिति निर्देशक विनोद टोरडी एवं संयोजक पदम जैन दुगरिया ने बताया कि मांगलिक आयोजनों के लिए सौधर्म, चक्रवर्ती, कुबेर, महानायक, बाहुबली सहित कुल 16 इंद्रों का चयन किया गया है।

# जनता का प्यार ही सबसे अनमोल : वसुंधरा राजे

**झालावाड़।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि जनता के लिए लड़ने के लिए कितनी भी दूर जाना पड़े, वह पीछे नहीं हटेंगी। उन्होंने कहा कि समय हमेशा एक जैसा नहीं रहता, कभी अच्छा होता है तो कभी चुनौतीपूर्ण, लेकिन धन-दौलत से बढ़कर जनता का स्नेह और विश्वास होता है। जनता का प्यार मिलेगा तो समय अवश्य बदलेगा।

राजे ने शनिवार को झालावाड़ के बकानी से सांसद दुष्यंत सिंह की जनसंवाद पदयात्रा के तीसरे चरण का केसरिया झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बकानी सहित पूरा झालावाड़ जिला उनका परिवार है। उन्होंने आश्वस्त किया कि चार दिवसीय यात्रा के दौरान सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की जाएगी और जिले के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। राजे ने यात्रा के उद्देश्य पर बोलते हुए कहा कि कुछ लोग पूछते हैं कि चुनाव नहीं होने पर यात्रा का क्या अर्थ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस यात्रा के माध्यम से कुछ लेने नहीं, बल्कि केवल जनता का प्यार लेने आई हैं। उनका उद्देश्य सेवा और समर्पण है, और जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।

इस दौरान सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि जनसंवाद पदयात्रा आमजन से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है। अगले चार दिनों तक वे विभिन्न गांवों में पैदल भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। पदयात्रा बड़ाय, नैऊखेड़ी, जोड़ नानौर और देवर सहित कई गांवों में पहुंची, जहां ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

जनसंवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता, इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण, तथा जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन जैसी समस्याएं उठाईं। हाल ही में तेज हवाओं और बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा भी प्रमुखता से सामने आया। इस पर सांसद सिंह ने अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पदयात्रा के शुभारंभ से पूर्व बड़ाय स्थित खोयरा मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की गई।

# एआई समिट के दौरान की गई हरकत अशोभनीय: भाजपा

**चित्तौड़गढ़।** भारतीय जनता पाटी द्वारा दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा भारत मंडपम के बाहर किए गए अशोभनीय प्रदर्शन का कड़ा विरोध जताते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत और देश की गरिमा को आहत करने वाला कृत्य बताया है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी, सांसद सीपी जोशी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, गौतम दक,चन्द्रभान सिंह आक्या, अर्जुन लाल जीनगर, सुरेश धाकड़, जिला महामंत्री रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रूद, कैलाश मंत्री आदि ने कहा कि एआई समिट जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम भारत की तकनीकी प्रगति, नवाचार क्षमता और वैश्विक नेतृत्व को प्रदर्शित करने का अवसर होते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण मंच पर इस प्रकार का अराजक और असंयमित प्रदर्शन न केवल अनुचित है, बल्कि देश की सकारात्मक छवि को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत डिजिटल और तकनीकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। एआई, स्टार्टअप्स, स्किल डेवलपमेंट और डिजिटल इकोनॉमी के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। ऐसे समय में विपक्ष द्वारा इस प्रकार का व्यवहार विकास के एजेंडे को भटकाने का प्रयास प्रतीत होता है। भाजपा ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन विरोध की अभिव्यक्ति सभ्य, संयमित और मर्यादित होनी चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार की अशोभनीय गतिविधियाँ राजनीतिक असहमति नहीं, बल्कि राजनीतिक असंयम का उदाहरण हैं। देश की प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा सर्वोपरि है। भाजपा ने इस घटना की निंदा करते हुए विपक्ष से आग्रह किया है कि वह राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाए, ताकि भारत की छवि मजबूत हो, कमजोर नहीं।

# सांवलिया दिव्यांग विद्यालय में मनाया सामाजिक न्याय दिवस




**चित्तौड़गढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में श्री सांवलिया बहुउद्देशीय विकलांग सेवा संस्थान द्वारा संचालित श्री सांवलिया बहुउद्देशीय विकलांग विद्यालय रामदेवजी का चंदेरिया में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित कर मनाया गया।

कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जितेंद्र गढ़वाल बतौर अतिथि उपस्थित थे। संस्थापक सचिव ओम प्रकाश जोशी ने बताया कि सामाजिक न्याय दिवस पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विशेष बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई, जिसमें टारगेट थ्रो, कुर्सी दौड़, चम्मच रेस, 100 मीटर दौड़ सम्मिलित थी। टारगेट थ्रो छात्रा वर्ग में प्रथम वृंदा चौहान, द्वितीय मंतशा कुरेशी रही। टारगेट थ्रो छात्र वर्ग में प्रथम अनिल कुमावत, द्वितीय गोविंद जटिया रहे। कुर्सी दौड़ में विष्णु भोई प्रथम तथा द्वितीय राजा मुनिया रहे। चम्मच दौड़ में प्रथम हरिओम कीर, द्वितीय अमन शेख रहे। 100 मीटर दौड़ में प्रथम किशन तेली, द्वितीय मोहम्मद गुलफाम रहे। समापन समारोह में सभी विजेताओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के विशेष शिक्षक एवं मूक-बधिर विद्यार्थी, बौद्धिक दिव्यांग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रमज़ान 2026: आध्यात्मिक नवीकरण, उपवास और सामुदायिक एकता का महीना



अजीम खान चिनायटा

प्रदेश मीडिया प्रभारी

मुस्लिम महासभा राजस्थान

स्मार्ट हलचल

इस्लामी चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना रमज़ान, दुनिया भर के मुसलमानों के लिए सबसे पवित्र समय माना जाता है, जो गहन आध्यात्मिक चिंतन, आत्म-अनुशासन और भक्ति का प्रतीक है। 2026 में, यह पवित्र महीना लगभग 18 फरवरी को शुरू हुआ, जब दुनिया भर के मुसलमानों ने सुबह से शाम तक उपवास रखा।

आध्यात्मिक महत्व और उत्पत्ति

कुरान का अवतरणः मुसलमानों का मानना है कि पवित्र कुरान सर्वप्रथम पैगंबर मुहम्मद को इसी महीने में अवतरित हुई थी। इस्लाम के पांच स्तंभों में से एकः रमजान के दौरान उपवास रखना इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है, जो इसे एक आवश्यक इबादत बनाता है। पापों का 'जलना ': 'रमजान' शब्द अरबी मूल शब्द रमद से लिया गया है ,जिसका अर्थ है 'तीव्र गर्मी' या 'धूप में पका हुआ ', जो उपवास और पश्चाताप के माध्यम से पापों के जलने का प्रतीक है। लैलातुल क़द्र (शक्ति की रात): महीने की आखिरी दस रातों में आने वाली यह रात हज़ार महीनों से बेहतर मानी जाती है, जिसमें गहन प्रार्थनाओं का फल मिलता है।

### मुख्य कार्यप्रणालियाँ और नियम

सौम (उपवास): सुबह (सुहूर) से लेकर सूर्यास्त (इफ्तार) तक, उपवास करने वाले लोग भोजन करने, तरल पदार्थ पीने, धूम्रपान करने और यौन गतिविधि में शामिल होने से परहेज करते हैं। भोजन से परे संयमः उपवास केवल शारीरिक नहीं है; इसमें गपशप करना, बहस करना, झूठ बोलना, या अनुचित सामग्री में शामिल होना या उसे देखना जैसे नकारात्मक कार्यों से परहेज करना शामिल है। दैनिक दिनचर्याः दिन की शुरुआत सुहूर (भोर से पहले का भोजन) से होती है और इफ्तार (रोजा खोलने) के साथ समाप्त होती है, जो अक्सर पैगंबर की परंपरा का पालन करते हुए खजूर और पानी के साथ किया जाता है। तरावीह की नमाज़ः मस्जिदों में विशेष रात्रि नमाज़ आयोजित की जाती हैं, जिसके दौरान अक्सर पूरे कुरान का पाठ किया जाता है जो पूरे महीने के दौरान पढ़ा जाता है। दान (ज़कात और सदक़ा): उदारता पर ज़ोर दिया जाता है, विशेष रूप से महीने के अंत से पहले ज़कात अल-फ़ित्र (गरीबों के लिए दान) देने पर।

### रमज़ान का समापनः ईद अल-फितर

महीने का समापन नए चांद दिखने के साथ होता है, जो ईद अल-फितर की शुरुआत का प्रतीक है , जो विशेष इबादतों, दान, परिवार के सदस्यों से मिलने और उपहारों के आदान-प्रदान से जुड़ा एक बड़ा उत्सव है।

### स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक प्रभाव

शारीरिक विषहरणः उपवास विषहरण में सहायक होता है और रक्तचाप, रक्त शर्करा और बीएमआई को कम करने में कारगर सिद्ध हुआ है। आंतों का स्वास्थ्यः शोध से पता चलता है कि उपवास का कार्यक्रम (सीमित भोजन अवधि) लाभकारी आंतों के बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। आध्यात्मिक और मानसिक परिवर्तनः यह धैर्य को बढ़ावा देने, कम भाग्यशाली लोगों के प्रति सहानुभूति रखने और अत्यधिक भोग-विलास की आदतों को तोड़ने का समय है।

### सामुदायिक और सामाजिक बंधन

इफ्तार समारोहः एक साथ रोज़ा खोलना सामुदायिक संबंधों को मजबूत करता है, जिससे परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों के बीच एकता को बढ़ावा मिलता है। सहानुभूतिः दिन के दौरान अनुभव की जाने वाली भूख का उद्देश्य उन लोगों के प्रति करुणा उत्पन्न करना है जो परिस्थितियोंवश खाद्य असुरक्षा से पीड़ित हैं।

# डॉ. अम्बेडकर जयंती की तैयारियाँ प्रारंभ

**चित्तौड़गढ़।** संवधिान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को लेकर एससी, एसटी महासभा की टीम ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

एससी, एसटी महासभा ने इस बार कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से करने का निर्णय लेकर भारतीय संविधान निर्माण डॉ. भीमराव अम्बेडकर के पौत्र डॉ. प्रकाश अम्बेडकर, समाज सुधारक महान संत रविदास महाराज के वंशज उत्तरप्रदेश के मांडूनगर वाराणसी निवासी संत प्रभुदास महाराज, भीम आर्मी प्रमुख सांसद चन्द्रशेखर आजाद रावण को आमंत्रित किया है। महासभा के जिला संयोजक रामेश्वर बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम को तैयारियाँ प्रारंभ की जा चुकी है। आगन्तुक अतिथियों से वार्तालाप कर आने की सहमति लेने सहित वाहन रैली, संगोष्ठी, महासभा, भीम सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा सहित विभिन्न आयोजनों को लेकर कोर कमेटी टीम के नेतृत्व में आगामी दिनों में दायित्व सौंपे जाएंगे। पहली पहली बार आमंत्रित महापुरूषों के वंशजों के आगमन से यह कार्यक्रम ऐतिहासिक बनेगा। इसी कड़ी में आगे देश की आजादी के बाद दलित राजनीतिज्ञ के वंशजों सहित देशभर के दलित संत, महात्मा को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किये जाने की तैयारियाँ चल रही है।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में ओज, व्यंग्य और संवेदना का संगम

## भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पावन स्मृतियों को समर्पित आयोजन का दीपक मिश्रा ने किया

स्मार्ट हलचल|सैफई (इटावा)



चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पावन स्मृतियों को समर्पित कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजवादी बौद्धिक चिंतक व समाजवादी बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्रा व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का माध्यम है और कविता जनमानस की आवाज होती है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई।

इसके बाद कवियों ने क्रमशः श्रृंगार, करुण, ओज और हास्य व्यंग्य की रचनाओं से श्रोताओं को बांधे रखा। योगिता चौहान ने कोमल भावों की अभिव्यक्ति की तो शबीना अदीब ने सामाजिक संवेदना और परोपकार का संदेश दिया। रौनक इटवी ने संघर्ष और संकल्प की बात कही, वहीं कुमार मनोज ने किसानों और आमजन की पीड़ा को स्वर दिया। प्रदीप त्रिपाठी ने प्रेम और जीवन संघर्ष को कविता में पिरोया। डॉ. राजीव राज की व्यंग्य रचना ने समसामयिक राजनीति पर कटाक्ष किया तो कवि मयंक विधोलिया ने देश की व्यवस्था पर तीखे प्रहार करते हुए कविता पढ़ी, पहलगाम में हुआ था जो कत्ले आम नहीं होता. गौतम गांधी का देश दुनिया में बदनाम नहीं होता. स्वर्णिम होता इतिहास हमारा गौरवशाली किस्से होते. लाहौर कराची आबुल काबुल सब अपने हिस्से होते. सरहद पर भी रोज-रोज बेटों का बलिदान नहीं होता. पीएम होते पटेल अगर तो पाकिस्तान नहीं होता. देर रात तक सभागार काव्य रस में डूबा रहा। कवि सम्मेलन का संचालन सतीश मधुप ने प्रभावशाली ढंग से किया। अंत में सपा के राष्ट्रीय महासचिव व कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने सभी कवियों को शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र शर्मा, उप प्राचार्य डॉ. फतेह बहादुर सिंह यादव ने शिवपाल सिंह यादव का शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर अनिल यादव पूर्व विधायक, पूर्व एमएलसी राम नरेश मिनी, सपा जिला अध्यक्ष बबलू शाक्य, सदस्य जिला पंचायत डॉ अरविंद यादव, डॉ ब्रजेश यादव, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, मानिक चन्द्र यादव पूर्व विधायक, लाखन सिंह जाटव, सुघर सिंह दोहरे, उदयभान सिंह यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रधान संघ चंद्रगोपाल यादव प्रधान, राजवीर सिंह यादव राजकीय ठेकदार नगला तेज, भारत सिंह यादव खदरी, आशीष राजपूत, डॉ प्रमोद यादव, सुशांत वर्मा, खन्ना यादव, ब्लॉक प्रमुख नीरज यादव, आलोक जसवन्तनगर, जितेंद्र यादव मोना, अजेंद्र सिंह गौर, सीमा यादव, सीमा पाल, चीनी यादव, अनुज मोंटी यादव, विश्वनाथ प्रताप यादव सोनू, आलोक मिश्रा लालू, देवेश पचौरी, रामफल बाल्मीकि प्रधान, रामवीर यादव ब्लॉक अध्यक्ष, आशीष यादव, सुभाष गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

### किसानों और वंचितों की आवाज थे चौधरी साहब, नेताजी ने उनके सपनों को साकार किया : शिवपाल सिंह यादव

सैफई (इटावा) चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज में आयोजित जयंती समारोह के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने चौधरी चरण सिंह और सपा संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब न केवल किसानों, गरीबों, और वंचितों की आवाज थे, बल्कि उनका जीवन देश के ग्रामीण समाज को सशक्त बनाने के लिए समर्पित था। शिवपाल यादव ने कहा, यह कॉलेज हर वर्ष चौधरी साहब की जयंती मनाता है और साहित्यकारों को बुलाकर उनके विचारों को साझा करता है। चौधरी साहब के बाद नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने किसानों की आवाज को संसद और विधानसभा में बुलंद किया। नेताजी ने हमें भी सिखाया कि किसानों और वंचितों को कभी भूलना नहीं है। उन्होंने नेताजी की दूरदृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि यह कॉलेज उनके सपनों का प्रतीक है। 'नेताजी चाहते थे कि ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी वही शिक्षा मिले, जो बड़े शहरों में दी जाती है। यह कॉलेज उसी सोच का परिणाम है।

### जब शिवपाल यादव ने ब्राह्मण को बना दिया अपने कार्यक्रम का मुख्य अतिथि......

आज चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हेंवरा में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन का आयोजन था। इस कवि सम्मेलन में अतिथि के तौर पर प्रख्यात समाजवादी चिंतक व समाजवादी बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्रा भी पहुंचे थे। अपने कॉलेज में जिसके शिवपाल सिंह प्रबंध समिति के अध्यक्ष है उसी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में दीपक मिश्रा को मुख्य अतिथि बताकर अपना उद्बोधन शुरू करने पर पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। शिवपाल सिंह यादव ने दीपक मिश्रा से दीप प्रज्ज्वलन भी कराया और मंच से कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाकर यह अहसास करा दिया कि ब्राह्मण का सम्मान करने में हम सबसे आगे है।

# सिवाना पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ दो आरोपी दबोचे

स्मार्ट हलचल|बालोतरा



जिले में अवैध हथियारों की तस्करी पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन वज्रप्रहार' के तहत थाना सिवाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक बालोतरा श्री रमेश ने बताया कि 20 फरवरी को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्बा सिवाना में पादरड़ी रोड की ओर दो संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं, जो पिस्टल दिखाकर आमजन को भयभीत कर लूटपाट करने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो दोनों व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर झाड़ियों की ओर भागने लगे। घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम विशालसिंह पुत्र भंवरसिंह (33), निवासी जामडोली, जिला जयपुर तथा ईशपालसिंह पुत्र मानसिंह (32), निवासी धीणाणा, जिला पाली बताए। तलाशी में उनके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल (तमंचा) बरामद हुई। दोनों के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस/परमिट नहीं था।

पुलिस ने मौके पर ही जब्ती की कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना सिवाना में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट एवं धारा 112(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के संबंध में गहन पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना सिवाना के पुलिसकर्मी चैलसिंह, दुर्गेशकुमार, कपिल, मुनैशचन्द, रेंवतसिंह और सुरेन्द्र शामिल रहे।

# 45.260 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त

## कार सवार गिरफ्तार, डांगियावास पुलिस को सौंपा

**जोधपुर।** मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए प्रदेश स्तर पर बनाई गई एएनटीएफ की जोधपुर टीम ने डांगियावास बाईपास रोड पर नाकाबंदी में एक स्वीफ्ट में अवैध डोडा पोस्त बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार में 45.260 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। आरोपित को बाद में डांगियवास पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जिससे अब पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी दौलाराम ने बताया कि डांगियावास बाईपास रोड पर एएनटीएफ की जोधपुर टीम द्वारा नाकाबंदी की गई थी। टीम के बीट प्रभारी परमीत चौहान ने एक संदिज्ध स्वीफ्ट कार को बाईपास पर रूकवा कर तलाशी ली तब उसमें दो कट्टों में लादा गया 45.260 किलो अवैध डोडा पोस्त मिला। इस पर उसे लाने वाले तस्कर बालोतरा जिले के छतरवालों की ढाणी चारलाई कल्याणपुर निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र जेठाराम को गिरफ्तार किया गया। उससे अब डोडा पोस्त के संबंध में पड़ताल की जा रही है। एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# राजस्थानी भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल किया जाये-जिलाअध्यक्ष ढाका



स्मार्ट हलचल|भीनमाल

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर राजस्थानी भाषा को भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर राजस्थानी भाषा संघर्ष समिति, शाखा-भीनमाल द्वारा उपखंड अधिकारी भीनमाल को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिलाअध्यक्ष एडवोकेट ढाका ने बताया कि राजस्थानी केवल एक बोली नहीं, बल्कि समृद्ध साहित्य, व्याकरण, लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध भाषा है। यह न केवल राजस्थान बल्कि देश-विदेश में बसे करोड़ों लोगों की मातृभाषा है। इसके बावजूद आज तक इसे संवैधानिक मान्यता नहीं मिल पाई है, जो अत्यंत चिंताजनक विषय है।

समिति ने उल्लेख किया कि राजस्थान विधानसभा द्वारा पूर्व में सर्वसम्मति से राजस्थानी भाषा को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है तथा केंद्र सरकार की विभिन्न समितियों ने भी सकारात्मक अनुशंसा की है। इसके बावजूद अभी तक इसे संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। समिति के प्रतिनिधियों ने मांग की कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राजस्थानी भाषा को शीघ्र ही 8 वीं अनुसूची में शामिल किया जाए, ताकि मातृभाषा में शिक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिल सके।

ज्ञापन सौंपते समय समिति के कांग्रेस विधि विभाग जिला अध्यक्ष एडवोकेट श्रवण ढाका, अल्पसंख्या विभाग कांग्रेस प्रदेश सचिव इकबाल खान, राजस्थानी भाषा संघर्ष समिति के सदस्य ओमप्रकाश साऊ, एनएसयुआई छात्रनेता पुखराज मांजू, राजपाल मांजू, गोपी बिश्नोई,हरचंद मेघवाल, प्रवीण बेनिवाल, सादिक खान, अभिषेक बिश्नोई, विष्णु बिश्नोई एवं पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# संस्कृत बोले गांव, सचिव ने कहा– श्रवण संस्कार से घर-घर पहुंचेगी देववाणी

स्मार्ट हलचल|हरिद्वार



संस्कृत को जनजीवन की भाषा बनाने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने जमीनी स्तर पर पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक कुमार ने बहादराबाद ब्लॉक स्थित आदर्श संस्कृत ग्राम नूरपुर पंजानहेड़ी का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कहा कि संस्कृत को केवल विद्यालयों या पाठ्यक्रम तक सीमित रखने से उसका व्यापक विकास संभव नहीं है। इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा। उन्होंने समझाया कि जैसे बच्चे परिवार में सुन-सुनकर भाषा बोलना सीखते हैं, उसी प्रकार श्रवण संस्कार के माध्यम से संस्कृत को भी सहज रूप से अपनाया जा सकता है। यदि घर, मंदिर और सामुदायिक कार्यक्रमों में संस्कृत का प्रयोग बढ़ेगा तो स्वतः ही संस्कृतमय वातावरण तैयार होगा।

ग्रामवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। ग्रामीणों ने संस्कृत में अपना परिचय दिया, सुभाषित, गीत, मंत्र एवं श्लोकों का उच्चारण किया। पूरे गांव में देववाणी की गूंज सुनाई दी, जिससे स्पष्ट हुआ कि आदर्श संस्कृत ग्राम की अवधारणा केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर भी प्रभावी रूप से लागू हो रही है।

इस अवसर पर उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमाकांत पांडेय ने ग्रामीणों से संस्कृत में संवाद करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि ज्ञान-विज्ञान और भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं उत्तराखंड संस्कृत संस्थान के सचिव प्रो. मनोज किशोर पंत ने कहा कि संस्कृत ग्राम में भाषा के साथ-साथ संस्कारयुक्त वातावरण की स्थापना भी जरूरी है। यदि गांव का सामाजिक परिवेश संस्कारित होगा तो नई पीढ़ी स्वाभाविक रूप से संस्कृत और भारतीय संस्कृति से जुड़ सकेगी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव दिनेश कुमार, प्रकाशन अधिकारी किशोरी लाल रतूड़ी, संस्कृत ग्राम प्रशिक्षक डॉ. करुणा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जगतगुरु आश्रम में लिया आशीर्वाद

निरीक्षण के उपरांत सचिव ने कंखल स्थित जगतगुरु आश्रम कंखल पहुंचकर शंकराचार्य जगतगुरु श्री राजराजेश्वराश्रम महाराज से भेंट की। इस दौरान उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य में संस्कृत के उत्थान हेतु किए जा रहे प्रयासों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। राज्य सरकार की इस पहल से संकेत मिल रहे हैं कि उत्तराखंड में संस्कृत को व्यवहारिक और संवाद की भाषा बनाने के लिए ठोस रणनीति पर काम किया जा रहा है। यदि यह मॉडल सफल होता है तो अन्य ग्रामों में भी संस्कृत ग्राम की अवधारणा को विस्तार दिया जा सकता है।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत शैक्षणिक सत्र 2022-23 से 2024-25 तक के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिलना सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री गहलोत ने साफ किया कि जिन विद्यार्थियों के आवेदन आक्षेप पूर्ति के अभाव में लंबित हैं, उनकी कमियों और आपत्तियों की शीघ्र पूर्ति कराकर संबंधित जिला कार्यालयों को अग्रेषित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र विद्यार्थी को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े और सभी प्रकरणों का समयबद्ध समाधान किया जाए। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा शिक्षण संस्थानों को भी निर्देशित किया गया है कि वे छात्रवृत्ति आवेदनों की नियमानुसार जांच करने के बाद ही उन्हें आगे भेजें। यदि कोई संस्थान अनियमित या फर्जी आवेदन अग्रेषित करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा उसे छात्रवृत्ति पोर्टल पर ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

मंत्री ने विद्यार्थियों और शिक्षण संस्थानों से अपील की कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन दिशा-निर्देशों की जानकारी नियमित रूप से विभागीय वेबसाइटों पर देखते रहें, ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे और योग्य विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# रेल विकास की रफ्तार, वाराणसी मंडल में इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की समीक्षा

स्मार्ट हलचल



**वाराणसी।** भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और क्षमता विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड विवेक कुमार गुप्ता ने शनिवार को वाराणसी मंडल का दौरा कर चल रही विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। भारतेंदु सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने रेल पथ नवीनीकरण, पुलों के सुदृढ़ीकरण, रेलवे विद्युतीकरण, सिग्नल एवं दूरसंचार उन्नयन सहित कई अहम कार्यों की प्रगति का बारीकी से आकलन किया। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंडल में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति प्रस्तुत की और बताया कि विभिन्न कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। समीक्षा के दौरान गुड्स शेड निर्माण, रेलवे ओवर ब्रिज, अंडर ब्रिज, लिमिटेड हाइट सबवे तथा स्टेशन पुनर्विकास कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित ढंग से पूर्ण की जाएं। उन्होंने भूमि अधिग्रहण, निविदा प्रक्रिया और निधि उपयोग से जुड़े मुद्दों की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रास्ट्रक्चर) अजय सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) अशोक कुमार वर्मा सहित पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर रेलवे, निर्माण संगठन, गतिशक्ति और रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सदस्य ने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया और कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए समन्वित प्रयास और तकनीकी नवाचार अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए शंटिंग प्रिकॉशन, डेड इंड एवं सैंड हम्प को मानक के अनुरूप सुदृढ़ करने और नॉन इंटरलॉक समपार फाटकों को इंटरलॉक कर आरओबी, आरयूबी या एलएचएस के माध्यम से संरक्षित बनाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान परियोजनाओं में आ रही बाधाओं पर भी चर्चा की गई और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि सुरक्षित, आधुनिक और मजबूत रेल अवसंरचना ही भारतीय रेलवे की नई पहचान बनेगी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने इस बैठक को वाराणसी मंडल के लिए मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि इससे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई और अधिकारियों ने तय समयसीमा में परियोजनाएं पूरी करने का संकल्प दोहराया। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को इसकी जानकारी दी।

# पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया

स्मार्ट हलचल|बालोतरा

जिले में अपराधियों की धरपकड़ और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बालोतरा पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। इस दौरान गठित 23 पुलिस टीमों ने कुल 35 कार्यवाही करते हुए 07 वांछित आरोपी, 09 स्थायी वारंटी और 19 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचने में सफलता हासिल की।

पुलिस अधीक्षक बालोतरा श्री रमेश ने बताया कि अभियान के तहत डीसीआरबी व साइबर सैल की तकनीकी सहायता, मानवीय आसूचना और परम्परागत पुलिसिंग का उपयोग किया गया। पुलिस टीमों ने संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देकर फरार अपराधियों और वारंटियों को गिरफ्तार किया। इस अभियान में थाना गिड़ा पुलिस ने सर्वाधिक 11 कार्यवाही की। कुल मिलाकर यह अभियान असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन में कानून के प्रति विश्वास जगाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित हुआ। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी जारी रहेगी और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई होती रहेगी।

# गणपति पीर मंदिर में वार्षिक मेला संपन्न

## भजन संध्या और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



स्मार्ट हलचल|बिन्टू कुमार

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत कानपुरा लौज की पाटाला की ढाणी स्थित गणपति पीर मंदिर में शनिवार को 8वां वार्षिक मेला एवं भव्य भंडारे का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। सुबह 9.15 बजे विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की गई। पूजा-अर्चना के बाद सुबह 11.15 बजे भंडारे का शुभारंभ किया गया। आसपास के गांव और क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की और धार्मिक माहौल में भागीदारी निभाई।

दोपहर 12 बजे से शुरू हुई सांस्कृतिक प्रस्तुति और भजन संध्या ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गायक राजपाल भाटी, लोकेश जिंदोलिया और अरुण वर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम में डांसर पलक राजस्थानी और रिया राठी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं हास्य कलाकार पूरण छैला ने अपनी प्रस्तुति से सभी को हंसी से लोटपोट कर दिया। धार्मिक उत्सव के दौरान प्रशासक लोकेश रैया, प्रशासक प्रतिनिधि रोहिताश सैनी, सोनू सैनी, रमेश, नंदलाल, कैलाश चंद, सतीश और संजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 25 को जिला मुख्यालयों पर मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेगा एनएफआईटीयू और एच एम केपी

स्मार्ट हलचल|सुनील बाजपेई

**कानपुर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नेशनल फ्रन्ट ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स और हिन्द मजदूर किसान पंचायत अब आर पार की लड़ाई लड़ने जा रहा है। वह इसके लिए 25 फरवरी से देश के हर जिला मुख्यालय और श्रम कार्यालयों पर भी धरना और प्रदर्शन करेगा।

मांगे अभी तक नहीं पूरी किए जाने के फल स्वरूप विरोध दिवस के रूप में इस आंदोलन की यह शुरुआत भारतीय मजदूर संघ के प्रमुख घटक 18 केंद्रीय महा संगठन व स्वतंत्र संगठन वाले एनएफआईटीयू के आवाहन पर की जा रही है।

यह जानकारी देते हुए एनएफआईटीयू और हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव तथा यूपी के महासचिव राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि 25 फरवरी को पूरे देश में प्रदर्शन रैली, काले फीते युक्त रैली करते हुए जिलाधिकारी और श्रम कार्यालयों में उनके माध्यम से प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री व राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपने के साथ-साथ तत्काल निराकरण के लिए मांग की जायेगी।



एनएफआईटीयू और हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव तथा यूपी के महासचिव राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि सभी को बिना किसी छूट के सभी कर्मचारियों के लिए बने श्रम कानूनों को कठोरता व एकरूपता से लागू किए जाने, इण्डस्ट्रीयल रिलेशन कोड और अकूपेशन सेफ्टी हेल्थ एण्ड वर्किल कण्डीशन कोर्ट में श्रमिकों की चिन्ताओं को दूर किये जाने, इण्डिया लेबर कन्फ्रेन्स तुरन्त बुला कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए त्रिपक्षीय वार्ता पुर्नस्थापित और उनकी संस्तुतियों को कठोरता व समुचित रूप से लागू किये जाने, सभी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन हर 05 वर्ष में निश्चित वेतन वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ ही छः माह में मिलने वाले महंगाई भत्ते को शत प्रतिशत बढ़ाये जाने, भविष्यनिधि में सभी सदस्यों को न्यूनतम पेंशन रू0 7500/- मासिक निर्धारित करने के साथ ही10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि अनिवार्य रूप से सम्मिलित किये जाने, सार्वजनिक क्षेत्र, संयुक्त क्षेत्र व निजी क्षेत्रों के कर्मचारियों को अवशेष भुगतान क्षतिपूर्ति सहित दिलाने, सभी क्षेत्रों में बैंकिंग सहित 05 दिन का कार्य दिवस घोषित किये जाने, बोनस के लिए वेतन सीमा समाप्त करने के साथ ही सम्पूर्ण प्राप्त वेतन का 01 माह का न्यूनतम पूरा पूरा वेतन बोनस के रूप में दिये जाने, न्यूनतम बोनस रू0 25000/- किए जाने,भारतीय संविधान और सिद्धांतों के मुताबिक के मुताबिक स्कीम वर्कर्स और कान्टेक्ट वर्कर को रेग्युलर किये जाने, सभी श्रम न्यायालयों में स्थायी पीठासीन अधिकारियों, सहायकों और कर्मचारियों के रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हुए समयबद्ध सीमा के अन्तर्गत निर्णय कराये जाने, सभी आम भर्तियों पर रोक हटाकर नौकरी की सुरक्षा के साथ-साथ रोजगार की गारण्टी देने, टॉवर कर्मचारियों और इसी तरह से काम करने वाले विशेष कर्मचारियों के लिए सुरक्षा वेतनमान पर कठोर नियमावली बनाने, ठेकेदारी व सब ठेकेदारी समाप्त करने, पूरे देश में एक समान वेतन व नियमावली लागू करने, भारत व राज्य सरकार की समस्त कमेटियों में श्रमिको को प्रतिनिधित्व देने ,पूरे देश में नेशनल वेज पालिसी बनाने, सभी संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक समान कार्यवेतन सुविधा, अवकाश, ओवरटाइम और अन्य श्रम कानूनों का लाभ एक समान निर्धारिण और लागू आदि किए जाने को लेकर यह आंदोलन कब तक चलता रहेगा जब तक कि श्रमिक मजदूरों के हित में सभी मांगे पूरी नहीं कर दी जाएंगी।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com